युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच 'लिंक्डइन' पर बाद में लिखा आज प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज एक नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो।

हालांकि, जब हमने 2014 में सत्ता संभाली, तो स्थिति बहुत अलग थी। आजादी के करीब 65 साल हो चुके थे, लेकिन हमारे लगभग आधे परिवारों के लिए बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच दूर का सपना थी।'' उन्होंने कहा कि उनकी दुनिया ऐसी थी जहां बचत घर पर रखी जाती थी, जिसके खोने तथा चोरी होने का खतरा बना रहता था। मोदी ने कहा, '' कर्ज तक पहुंच 'साहूकारों' की दया पर निर्भर थी। वित्तीय सुरक्षा के अभाव से कई सपने पूरे नहीं हो पाते थे।'' उन्होंने कहा, '' जब जन-धन योजना शुरू की गई तो मुझे याद है कि इसे लेकर भी संशय की स्थिति थी। कुछ लोगों ने पूछा था - क्या इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बैंकिंग प्रणाली में लाना वास्तव में संभव है? क्या इस प्रयास से कोई ठोस बदलाव आएगा? हां। चुनौतियां काफी व्यापक थीं लेकिन इसे हकीकत बनाने के लिए भारत के लोगों का दृढ़ संकल्प भी उतना ही बड़ा था।'' मोदी ने कहा कि जन धन योजना की सफलता के दो पहलू हैं। एक पहलू यह है कि 53 करोड़ से अधिक लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था कि वे बैंकिंग प्रणाली से जुड़ पाएंगे लेकिन अब उनके पास बैंक खाते हैं। उन्होंने कहा कि इन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। उन्होंने कहा, '' लेकिन, दूसरा पहलू प्रभावशाली आंकड़ों से कहीं आगे है। जहां तक महिला सशक्तीकरण का सवाल है, जन धन योजना परिवर्तनकारी साबित हुई है। करीब 30 करोड़ महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है।''

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 28,602 करोड़ रुपये से 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी दी

ये औद्योगिक शहर उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओर्वकल एवं कोपर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस अहम फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी है। ये औद्योगिक शहर उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओर्वकल एवं कोपर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे। इन औद्योगिक शहरों की परिकल्पना छह प्रमुख गलियारों के करीब रणनीतिक रूप से की गई है। ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने में एक महत्वपूर्ण पहल को दर्शाती हैं। यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र एवं शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा। इन शहरों को वैश्विक मानकों के नए स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। ये शहर उन्नत बुनियादी ढांचे से लैस होंगे जो टिकाऊ और कुशल औद्योगिक संचालन का समर्थन करते हैं। एनआईसीडीपी से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इन शहरों के गठन से करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और नियोजित औद्योगिकीकरण के माध्यम से 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। इन परियोजनाओं से लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये की निवेश क्षमता भी पैदा होगी। इन औद्योगिक शहरों की स्थापना की परिकल्पना वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में पेश की गई थी।

सेबी ने मूल्य हेरफेर करने वाली एसएमई कंपनियों के शेयरों में निवेश के प्रति आगाह किया

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों को ऐसी छोटी एवं मझोली कंपनियों (एसएमी) के शेयरों में अपना पैसा लगाने के खिलाफ आगाह किया, जो अपने परिचालन की झूठी तस्वीर पेश करके शेयर मूल्य में हेरफेर करती हैं। सेबी ने बयान में कहा कि यह बात संज्ञान में आई है कि सूचीबद्धता के बाद कुछ एसएमई कंपनियां या उनके प्रवर्तक ऐसी सार्वजनिक घोषणाएं कर रहे हैं, जिनसे उनके परिचालन की सकारात्मक छवि बनती है। ऐसी घोषणाओं के बाद बोनस निर्गम, शेयर विभाजन और तरजीही आवंटन जैसी विभिन्न कॉरपोरेट कार्रवाइयां की जाती हैं। इन कदमों से निवेशकों में सकारात्मक धारणा बनती है और वे ऐसी प्रतिभूतियों को खरीदने के लिए प्रेरित होते हैं। साथ ही, इससे प्रवर्तकों को ऐसी कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी ऊंचे दामों पर बेचने का आसान अवसर भी मिलता है। सेबी ने बयान में कहा, 'निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि वे उपरोक्त तरीकों के प्रति सावधान और सतर्क रहें तथा ऐसी प्रतिभूतियों में निवेश करते समय सावधानी बरतें। इसके अलावा, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे असत्यापित सोशल मीडिया पोस्ट पर भरोसा न करें और सुझावों/अफवाहों के आधार पर निवेश न करें।' हाल ही में सेबी ने ऐसी इकाइयों के खिलाफ आदेश पारित किए हैं।

यह देखा जा सकता है कि इन इकाइयों की कार्यप्रणाली मोटे तौर पर ऊपर बताए गए तरीकों जैसी ही है। उभरती कंपनियों के लिए धन जुटाने के वैकल्पिक स्रोत के रूप में काम करने के लिए शेयर बाजारों के एसएमई मंच को 2012 में शुरू किया गया था। तब से, एसएमई निर्गम की संख्या में वृद्धि हुई है और साथ ही ऐसे प्रस्तावों में निवेशकों की भागीदारी भी बढ़ी है। पिछले दशक के दौरान इस मंच के माध्यम से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए गए हैं, जिनमें से लगभग 6,000 करोड़ रुपये सिर्फ पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान जुटाए गए।

चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने एसबीआई के चेयरमैन का पदभार संभाला

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया। एसबीआई ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। वह दिनेश खारा का स्थान लिया। खारा मंगलवार को कारोबारी समय समाप्त होने पर बैंक की सेवाओं से सेवानिवृत्त हो गए। शेट्टी इससे पहले एसबीआई के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक थे। परंपरा के अनुसार, चेयरमैन की नियुक्ति एसबीआई के मौजूदा प्रबंध निदेशकों में से की जाती है। आमतौर पर सबसे वरिष्ठ प्रबंध निदेशक ही बैंक का चेयरमैन बनता है। शेट्टी ने भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न कार्य बल/समितियों का भी नेतृत्व किया है। वह बैंक के खुदरा और डिजिटल बैंकिंग खंड की देखरेख भी कर चुके हैं। कृषि विज्ञान में स्नातक और भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट, शेट्टी ने 1988 में एसबीआई में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) के रूप में अपना करियर शुरू किया था।

सरकार ने कृषि अवसंरचना कोष योजना का दायरा बढ़ाने की मंजूरी दी

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये की कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का दायरा बढ़ाकर इसे और अधिक आकर्षक बना दिया। यह कदम देश में कृषि संबंधी बुनियादी ढांचा सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एआईएफ के तहत वित्तपोषण सुविधा की केंद्रीय क्षेत्र योजना के प्रगतिशील विस्तार को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद इसे और अधिक आकर्षक, प्रभावी और समावेशी बनाना है। देश में कृषि बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और मजबूत करने तथा कृषक समुदाय को समर्थन देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सरकार ने एआईएफ योजना के दायरे का विस्तार करने को कई उपायों की घोषणा की है। इसमें कहा गया, 'इन पहलों का उद्देश्य पात्र परियोजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक मजबूत कृषि अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त सहायक उपायों को एकीकृत करना है।'

यह कदम देश में कृषि संबंधी बुनियादी ढांचा सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है

पोत परिवहन मंत्रालय ने बंदरगाह कर्मचारियों के वेतन संशोधन समझौते को मंजूरी दी

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने प्रमुख बंदरगाहों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए वेतन संरचना में संशोधन को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, द्विपक्षीय वेतन वार्ता समिति और भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही 12 प्रमुख बंदरगाहों पर परिचालन को बाधित करने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल टल गई। बंदरगाहों पर कार्यरत कर्मचारियों के संगठनों ने वेतन संशोधन पर सहमति न बन पाने की वजह से बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की घोषणा की हुई थी।बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता ज्ञापन वेतन संरचना के संशोधन की सुविधा देता है और इसमें पेंशन लाभ सहित अन्य सेवा शर्तों का भी ध्यान रखा गया है। इसमें सहमति जताई गई है कि 31 दिसंबर, 2021 को मूल वेतन की कुल राशि पर 8.5 प्रतिशत का फिटमेंट लाभ और एक जनवरी, 2022 तक 30 प्रतिशत परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) दिया जाएगा।

यूपीआई, रुपे को सही मायने में वैश्विक बनाने के प्रयास जारीः आरबीआई गवर्नर

बिजनेस रेमेडीज/मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को अपने ध्यान वाले क्षेत्रों को रेखांकित करते हुए कहा कि यूपीआई और रुपे को सही मायने में वैश्विक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

दास ने 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि आरबीआई का ध्यान वित्तीय समावेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), उपभोक्ता संरक्षण एवं साइबर सुरक्षा, टिकाऊ वित्त और वित्तीय सेवाओं के वैश्विक एकीकरण को सशक्त बनाने पर है। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों और द्विपक्षीय

समझौतों का सक्रिय हिस्सा है और सीमापार भुगतान प्रणालियों सहित वित्तीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करना रिजर्व बैंक का प्रमुख लक्षित क्षेत्र होगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा, ''हम अब यूपीआई और रुपे को वास्तव में वैश्विक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इस दिशा में भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मॉरीशस, नामीबिया, पेरू, फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ यूपीआई नेटवर्क के जरिये रुपे कार्ड और भुगतान स्वीकार करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास दुनियाभर में भारत की पहल को अपनाने के लिए सहयोगी प्रयासों को रेखांकित करते हैं। एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई मोबाइल फोन के जरिये अंतर-बैंक लेनदेन की सुविधा देती है जबकि रुपे घरेलू रूप से विकसित एक वैश्विक कार्ड भुगतान नेटवर्क है। दास ने कहा कि भारत अपनी प्रौद्योगिकी प्रतिभा और विकसित वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) पारिस्थितिकी के सहारे डिजिटल नवाचार और फिनटेक स्टार्टअप का वैश्विक केंद्र बनने, रणनीतिक साझेदारी बनाने और उसे मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रतिबद्धता को सशक्त करने और उत्कृष्ट संस्थानों को विकसित करने की क्षमता रखता है। दास ने कहा कि फिनटेक क्षेत्र ने पिछले दो वर्षों में लगभग छह अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारत अब एक तेजी से बढ़ती आर्थिक शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में पैदा हो रहे नए अवसरों का लाभ उठाने और जोखिमों को कम करने के लिए वित्तीय संस्थानों और फिनटेक को तेजी से एक मजबूत ढांचा अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल वित्तीय समावेशन में पैमाने पर दर्ज किए जाने लायक और किफायती लागत के अनूठे फायदे हैं।

BUSINESS

न्यूज ब्रीफ

आईआईएसयू की स्टूडेंट देवांशी कंवर की आईसीएसआई एग्जाम में जयपुर में तीसरी रैंक

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के अकाउंटिंग एंड टैक्सेशन डिपार्टमेंट की स्टूडेंट देवांशी कंवर ने आईसीएसआई की ओर से हुए कंपनी सेक्रेटरीशिप एग्जीक्यूटिव एग्जाम जून-2024 के दोनों ग्रुप में जयपुर में तीसरी रैंक हासिल की है। बीकॉम(ऑनर्स) (प्रोफिसिएंसी इन कंपनी सेक्रेटरीशिप) सेमेस्टर 5 की स्टूडेंट देवांशी की इस सफलता पर यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

रोटरी क्लब उदयपुर को दिया रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय साईटेशन अवार्ड

बिजनेस रेमेडीज/उदयपुर। रोटरी क्लब उदयपुर को वर्ष 2023-24 के अध्यक्ष गिरीश मेहता के नेतृत्व में क्लब द्वारा किये गये उल्लेखनीय सेवा कार्यों को देखते हुए वर्ष 2023-24 के रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.गोर्डन मैकेनली को रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय साईटेशन अवार्ड से क्लब को हाल ही में सम्मानित किया। गिरीश मेहता ने बताया कि यह अवार्ड क्लब द्वारा किये गये सामाजिक एवं मानवीय सेवा कार्यो के लिये प्रदान किया जाता है। यह रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय का सबसे बड़ा अवार्ड होता है। वर्ष 2023-24 के प्रोग्राम कमेटी चेयरमैन डॉ.प्रदीप कुमावत ने बताया कि गिरीश मेहता द्वारा किये गये उत्कृष्ट सेवा कार्यों एवं अधिकतम सदस्यता वृद्धि व समाज विकास हेतु मैकेनली द्वारा मेहता को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरीश मेहता को वर्ष 2023-24 में रोटरी क्लब एक्सीलैंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। मेहता ने विगत वर्ष के दौरान अधिकतम क्लब सदस्यता वृद्धि कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया।

'रोजगार आपके द्वार' ईएआर का अनूठा अभियान युवाओं को रोजगार के लिए

डूंगला में एक दिवसीय रोजगार मेला 31 अगस्त को, ईएआर जॉब्स पॉइंट और ईएआर वेलफेयर फाउंडेशन रहेंगे सहयोगी

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। दी एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (ईएआर) की ओर से 31 अगस्त, शनिवार को डूंगला, जिला चित्तौड़गढ़ में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। मेले के आयोजनकर्ता सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक होंगे, जिन्होंने गांवों के युवाओं के लिए अहम पहल की है।

पत्रकारों से बातचीत में ईएआर के अध्यक्ष एन.के.जैन ने बताया कि शहरों में बड़े नामी फाइव स्टार स्कूलों, कॉलेजों और बड़े ब्रांड वाली यूनिवर्सिटीज में तो कैम्पस के दौरान बहुत बड़ी और नामी कंपनी कैंडिडेट्स को जॉब देने व सेलेक्ट करने आ जाती हैं, पर गांव के टैलेंटेड बच्चे इस अवसर से वंचित रह जाते हैं। जबकि भारत की अधिकांश युवा आबादी गांवों में बसती है। इसके लिए हमने महत्वपूर्ण पहल की है।

ईएआर जॉब्स पॉइंट की चेयरमैन व प्लेसमेंट एक्सपर्ट पूजा गुप्ता ने बताया कि इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए दी एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ने अपने प्लेसमेंट वर्टिकल ईएआर जॉब्स पॉइंट और सामाजिक प्रकल्प ईएआर वेलफेयर फाउंडेशन के साथ मिलकर ये अभियान शुरू किया गया है। रोजगार आपके द्वार पहले बानसूर (जिला अलवर) में लगाया गया था। अब 31 अगस्त शनिवार को डूंगला (जिला चित्तौड़गढ़) में एक दिवसीय रोजगार मेला लगाया जाएगा। इसके आयोजनकर्ता सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक होंगे, जिन्होंने गांवों के युवाओं के लिए अहम पहल की है।

ईएआर के सलाहकार मनोज मेशराम के अनुसार इस रोजगार मेले में ईएआर ने अपने सदस्य उद्योगों के अलावा भी राजस्थान के बाहर की नामी कंपनियों को बुलाया है, ताकि गांव के स्किल्ड युवाओं को भी रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकें। ईएआर के सचिव एस.के.पाटनी ने बताया कि रोजगार मेले में दी एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, ईएआर जॉब्स पॉइंट व ईएआर वेलफेयर फाउंडेशन से जुड़े सदस्य शामिल होंगे।

रोजगार मेले में मुख्य रूप से मैसर्स जेके टायर, कांकरोली, सुब्रोस लि.अहमदाबाद, स्क्वॉयर इंश्योरेंस, जयपुर, जे.जे.प्लास्ट, मुंबई, अशोका लीलेंड, अलवर, हिंदुस्तान जिंक, उदयपुर के अलावा लगभग 30 से ज्यादा प्रमुख कम्पनीज भाग लेंगी।

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को अणुव्रत पुरस्कार प्रदत्त

बिजनेस रेमेडीज/उदयपुर। अणुव्रत विश्व भारती द्वारा दिये जाने वाले प्रतिष्ठित 'अणुव्रत पुरस्कार' वर्ष 2023 के लिए प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी रतन टाटा को मुम्बई स्थित उनके आवास पर भेंट किया गया। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के अध्यक्ष अविनाश नाहर के साथ वहां पहुंचे प्रतिनिधि मण्डल ने रतन टाटा को पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह, प्रशिस्त पत्र सहित 1.51 लाख की राशि भेंट की। इस अवसर पर अणुविभा के महामंत्री भीखम सुराणा, मुम्बई कस्टम कमिश्नर अशोक कुमार कोठारी, अणुविभा उपाध्यक्ष विनोद कुमार व सहमंत्री मनोज सिंघवी उपस्थित थे।

अणुविभा अध्यक्ष नाहर ने रतन टाटा को अणुव्रत पुरस्कार सौंपते हुए मानव जाति को उनके सकारात्मक योगदान की प्रशंसा की एवं दुनिया में मानवीयता का एक श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्पूर्ण अणुविभा परिवार की ओर से बधाई ज्ञापित की। उन्होंने बताया कि अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण ने रतन टाटा के प्रति अपनी मंगल कामनाएं प्रेषित की हैं व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। रतन टाटा ने अणुव्रत अनुशास्ता के प्रति अपना हार्दिक आदर व सम्मान व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि 75 वर्षों से गतिमान अणुव्रत आंदोलन मानवीय एकता, नैतिकता, अहिंसा व सद्भावना के क्षेत्र में विशद् कार्य कर रहा हैं। आचार्य तुलसी द्वारा प्रणीत यह आंदोलन संयुक्त राष्ट्र तक अपनी विशेष पहचान स्थापित कर चुका है।

रफ डायमंड जेमस्टोन सोर्सिंग-2024 शो के दसवें संस्करण का जयपुर में हुआ उद्घाटन

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) द्वारा आयोजित इंडिया रफ जेमस्टोन्स सोर्सिंग शो 2024 (आईआरजीएसएस) के 10वें संस्करण का उद्घाटन 27 अगस्त को जयपुर में सीमा शुल्क के अतिरिक्त आयुक्त नीरज दुबे द्वारा किया गया। जयपुर में प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों के साथ के.एम. मीना, सहायक सीमा शुल्क आयुक्त, एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स (एसीसी), जयपुर ने भी उपस्थिति दर्ज किया। यह शो 5 वीं मंजिल, मॉल 21, भगवान दास रोड, सी-स्कीम, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में जीजेईपीसी के क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल बरडिया, बी.एन. गुप्ता, संयोजक, एसएफटी/एसएस/सीएफजे पैनल, विजय केडिया, रामबाबू गुप्ता, डी.पी. खंडेलवाल, क्षेत्रीय और रंगीन रत्न समिति, जीजेईपीसी के सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जीजेईपीसी प्रतिनिधियों और अन्य व्यापार सदस्यों द्वारा सीमा शुल्क अधिकारियों स्वागत किया।

शो के बारे में बोलते हुए, जीजेईपीसी के अध्यक्ष, विपुल शाह ने कहा कि इंडिया रफ जेमस्टोन्स सोर्सिंग शो के 10वें संस्करण को देखना संतुष्टिदायक है, यह एक मील का पत्थर है जो एक पहल की सफलता का प्रतीक है, जिसे हमने यह सुनिश्चित करने के लिए COVID-19 महामारी के दौरान जयपुर में हमारे रंगीन रत्न निर्माताओं को कच्चे रत्नों की निर्बाध आपूर्ति के लिए शुरू किया गया था। मैं एक्जीबिटर्स को उनके निरंतर समर्थन के लिए वास्तव में आभारी हूं। यह आयोजन जयपुर रंगीन रत्न क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो भारत के रत्न और आभूषण निर्यात में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है।

यह प्रदर्शनी, जो 14 सितंबर 2024 तक आयोजित, इसमें जेमफील्ड्स की सहायक कंपनी केजम माइनिंग लिमिटेड, जाम्बिया द्वारा प्रदर्शित कच्चे पन्ने की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। केजम माइनिंग में उत्पाद एवं बिक्री के सहायक निदेशक एटियेन मारविलेट उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे और आईआरजीएसएस की पूरी अवधि के दौरान भारत में रहेंगे।

जयपुर में दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस आज से

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। प्रदेश में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार से आयोजित होने वाली दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस में चिंतन-मनन करते हुए बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करेंगे।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया जयपुर में इस साल की शुरूआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुए राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी-आईजी सम्मेलन में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' के विषय पर आयोजित इस विशेष कांफ्रेंस का शुभारम्भ करेंगे।

ब्लूस्मार्ट का भरतपुर में ड्राईवर नौकरी मेला 30 और 31 अगस्त को

बिजनेस रेमेडीज/भरतपुर। ब्लूस्मार्ट, भारत की सबसे बड़ी 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक कैब सेवा, 30 और 31 अगस्त को होटल परविंदर मंगल, वेयर हाउस रोड, बयाना, भरतपुर में ड्राईवर नौकरी मेला का आयोजन कर रही है। इस मेले में ब्लूस्मार्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर और बैंगलुरू के लिए ड्राइवर्स की भर्ती की जाएगी। इस समय ब्लूस्मार्ट के पास 10,000 से ज्यादा ड्राईवर पार्टनर्स हैं।

पिछले एक माह में ब्लूस्मार्ट ने हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में भर्तियां की हैं, जिसमें विभिन्न शहरों के ड्राईवर्स ने हिस्सा लिया था। अब कंपनी अपनी सेवाओं का विस्तार कर रही है, इसलिए और ज्यादा ड्राईवर पार्टनर्स की भर्ती करके उन्हें दिल्ली, गुड़गाँव और बैंगलुरू जैसे शहरों में रोजगार के स्थिर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

ब्लूस्मार्ट फ्लीट के को-फाउंडर एवं सीईओ, अनिरुद्ध अरुण ने कहा कि ब्लूस्मार्ट की सफलता में हमारे ड्राईवर पार्टनर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। भरतपुर के इस पहले नौकरी मेला में आपको हमारे 10,000 से ज्यादा ड्राईवर पार्टनर्स के समुदाय में शामिल होने का मौका मिलेगा। इससे पहले ब्लूस्मार्ट द्वारा हरियाणा, राजस्थान, बिहार और यूपी में सैंकड़ों ड्राइवर्स की भर्ती की जा चुकी है। इस नौकरी मेले द्वारा हम ड्राइवर्स को ब्लूस्मार्ट फ्लीट का सदस्य बनने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

ब्लूस्मार्ट द्वारा ड्राइवर्स को 30,000 रुपये से 35,000 रुपये प्रतिमाह के बीच की आय के साथ अनेक फायदे जैसे बीमा, प्रोत्साहन, साप्ताहिक भुगतान, आरामदायक शिफ्टें, जॉइनिंग बोनस और कार खरीदने एवं उसके रखरखाव के लिए जीरो निवेश का लाभ प्रदान किया जाता है। मेले का समय सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक है। पहले दिन स्क्रीनिंग और चयन प्रक्रिया होगी जिसमें ड्राइविंग टेस्ट और कागजात की जाँच होगी। दूसरे दिन चयनित उम्मीदवारों के लिए ट्रेनिंग सैशन होगा।

ड्राईवर पार्टनर बनने के लिए आपके पास वैध ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, वर्तमान एवं स्थायी पते का प्रमाण और एक सक्रिय बैंक खाता होना आवश्यक है। यह अद्वितीय नौकरी मेला भारत के छोटे शहरों के लोगों को एक समान आर्थिक अवसर और स्थायी नौकरी प्रदान करने की ब्लूस्मार्ट की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। ब्लूस्मार्ट द्वारा ड्राइवर्स को भारत में ईवी क्रांति का हिस्सा बनकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर दिया जा रहा है। ड्राइवर्स इस मेले में आकर नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

राजेश शर्मा युकोरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और ललित आहूजा उपाध्यक्ष निर्वाचित

राजेश शर्मा

ललित आहूजा

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। यूनाइटेड काउंसिल ऑफ राजस्थान इंडस्टरीज (युकोरी) के गत दिनों हुए चुनाव में राजेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष और ललित आहूजा उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं।

इंपीरियल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महानिदेशक सुनील दत्त गोयल ने बताया कि राजेश शर्मा इंपीरियल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में भी वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं, जबकि ललित आहूजा कार्यकारिणी सदस्य हैं।

जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 1 सितंबर को

बिजनेस रेमेडीज/भीलवाड़ा। योगासन भारत के तत्वाधान में योगासना संघ भीलवाड़ा द्वारा 5वीं जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगता 1 सितंबर 2024 को वर्धमान जैन पब्लिक विद्यालय में आयोजित की जा रही है। योगासन संघ के जिलाध्यक्ष भीमाराम एवं जिला सचिव ओमप्रकाश माली ने बताया कि योगासन प्रतियोगिता में छः आयु वर्ग- सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं सीनियर ए, बी,सी के 10 से 55 वर्ष के अलग अलग आयु वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला महामंत्री प्रेम शंकर जोशी के अनुसार इस प्रतियोगिता में योगासन टीम के कोच कमलेश वैष्णव के निर्देशन में चार तरह के इवेंट (ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर) आयोजित होंगे।

होटल फेडरेशन ऑफ कोटा डिवीजन के संभाग अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने पूरे सम्भाग की कार्यकारिणी घोषित की

बिजनेस रेमेडीज/कोटा। होटल फेडरेशन ऑफ कोटा डिवीजन द्वारा हाडौती के पर्यटन विकास के लिए किए गए शुरुआती प्रयास एवं कार्य योजना बनाकर भविष्य में किए जाने वाले प्रयासों की रूपरेखा तय करने के लिए होटल फेडरेशन ऑफ कोटा डिवीजन के संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने बताया कि पिछले करीब 3 माह से हाडौती के सभी होटल रिसोर्ट एवं पर्यटन से जुड़े व्यवसाईयों को एक मंच पर लाया गया। साधारण सभा की बैठक में सभी सदस्यों ने आम सहमति से होटल फेडरेशन ऑफ कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी को कोटा डिवीजन की इकाई की पदाधिकारियों कार्यकारिणी एवं सलाहकार बोर्ड के निर्देशको की टीम बनाने के लिए अधिकृत किया गया, उसी के तहत चारों जिलों की इकाइयों के गठन की प्रक्रिया को संपूर्ण करते हुए आज कोटा इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा की गयी है।

होटल फेडरेशन ऑफ कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने महासचिव पद पर संदीप पाडिया कोषाध्यक्ष पद पर अंकुर गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आलोलिक जैन, संदीप रुंगठा, इंद्रजीत सिंह उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र श्रृंगी, सूर्या राजावत, सचिन माहेश्वरी, पीयूष जैन, नवजोत सिंह सचिव पद पर कोशल बंसल, शुभम जोशी , नदीम अंसारी, अंशुल कंजोलिया एवं विशाल गांधी कार्यकारिणी सदस्य में अभिषेक हिसारिया, राजेंद्र खटाना, सक्षी भाटिया ,पंकज सोनी, विनोद शर्मा, हितेश दीपचंदानी, तरुण चतुर्वेदी, नवदीप सिंह, सुरेंद्र कुमार सोनी, नवजोत सिंह ढल, राहुल मदनानी, जयपाल भुल्लर, दिव्य कालरा, जतिन कुमार, नितेश शुक्ला, आकाशदीप आर्य, विजय माहेश्वरी एवं अमन सुवालका नियुक्त किए गए। स्थाई विशेष आमंत्रित सदस्य जवाहर बंसल एवं भारत भूषण जैन नियुक्त किए गए। सलाहकार बोर्ड के निर्देशक में राजकुमार माहेश्वरी, कमल हिसरिया, अजय खत्री, अनिल मुन्दड़ा, मुरली नुवाल, नेवालाल गुर्जर, पवन आहूजा, काका हरविंदर सिंह, विष्णु मित्तल, भवानी सिंह चौहान, शब्बर हुसैन एवं राजेंद्र चावला नियुक्त किए गए। तकनीकी सलाहकार में भुवनेश लाहोटी विधि कर सलाहकार में नीरज वर्मा पर्यटन सलाहकार में निखलेश सेठी को नियुक्त किया गया है। इसी के साथ बांरा जिला इकाई के कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सचिव जगदीश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मुरारी राठौर, कार्यकारिणी सदस्य में धर्मेंद्र सुवालका, अभिजीत गालव, सलाहकार बोर्ड के निर्देशक में यतीन्द्र गोतम मनोनीत किए गए हैं। झालावाड़ जिला इकाई की कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार भारत भूषण जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह झाला उपाध्यक्ष भुवनेश अग्रवाल सचिव सौरभ जैन सह कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य हर्ष जैन धीरज पाटीदार सलाहकार बोर्ड के निर्देशक अभिमन्यू सिंह मनोनीत किए गए हैं।

धुआं-धूप

धुआं और धूप दोनों की तुलना करिए। क्या अच्छा है क्या बुरा। या कभी कोई अच्छा कभी कोई बुरा। चिंतन की चौखट पर समाधान मिलेगा। धुएं में काम करने से आंखों की रोशनी कम हो जाती है तब मानव अपनी निर्धारित पहुंच खो बैठता है। बीड़ी सिगरेट चिलम आदि का धुआं सेहत को मटियामेट कर देता है। इतना सब सामने होते हुए भी चेतना जिंदगी के दुर्लभ श्वासों का धुआं देखकर हर्षाए हैं ना आश्चर्य। कभी अगरबती का धुआं प्रिय लगता है क्योंकि वो मन को महका देता है तन को ताजगी से भर लाता तो कभी गीली लकड़ी कण्डों का धुआं आंखों को पानी से भिगो देता है। विवेक रखिए, जिंदगी को कफन का धुआं लगे उससे पहले अगरबती की तरह चिंतन, सद्गुणों की खुशबू से तर कर लें ताकि लकड़ी कंडे के खारे धुएं की तरह आंसुओं के सहारे घुट-घुट कर ना रहे और जब धूप के सहारे कोई मंगल कार्य किया जाता है तब चेहरों को नूर मन भावन पर नजर आता है। सर्दी की बर्फीली हवाएं अपना रूख बरसा रही होती है तो कभी जेठ-बैसाख की भरी दुपहरी में चिलचिलाती धूप मरूप्रदेश में राहगीर को बेहाल भी कर देती है। कठिनाई की धूप में स्वयं को संतुलन के साथ मांगलिक मिशाल की मिसाल बनाएं न कि तपती गर्मी की धूप की तरह बेहा करें।

चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.

भिवाड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बिजनेस रेमेडीज/भिवाड़ी। पीयूष सिटी, भिवाड़ी में जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सोसाइटी के समस्त निवासियों के साथ-साथ महिलाओं एवं बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता के अलावा नाटक मंचन झांकियों तथा भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर आधारित कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की संकल्पना, निर्देशन पूनम सिंह ने किया था तथा वे लगातार कई दिनों से बच्चों तथा अन्य प्रतिभागियों को प्रस्तुतियों के लिए तैयारी एवं रिहर्सल करवा रही थी, जिसमें उनका साथ आराधना के शकर एवं सोसाइटी की अन्य महिलाओं ने दिया। कार्यक्रम शाम 6 बजे प्रारम्भ हुआ तथा मध्यरात्रि करीब एक बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुधीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान समस्त सोसाइटीवासियों के लिए जलपान, भंडारे तथा प्रसाद की भी व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम के अंत में करीब 72 विजेता प्रतिभागियों को उनका उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रदीप भदौरिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों को मजबूत करते है तथा सामूहिकता और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने के साथ ही साथ हमारे राष्ट्र और समाज की गौरवशाली परंपरा को समझने में तथा यह अगली पीढ़ी को स्थानांतरित होने का माध्यम भी बनते हैं।

कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा केसी वर्मा, सूरज यादव, श्रवण कुमार शर्मा, सुमित डागर, रोहताश यादव, सतीश सार्थक, मुख्तियार सिंह, कुलजीत सिंह, जितेंद्र, राजेश, उल्हास, महेश खंडेलवाल, कुंतलजी, मास्टरजी, मोहनलाल, एमआरशर्मा, चंद्रशेखर, थावर, ओमप्रकाश आदि के अतिरिक्त भारी संख्या में सोसाइटी निवासी, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

आवश्यकता

बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें

बिजनेस रेमेडीज

63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर -302020

मोबाइल नंबर 9929106227

E-Mail: remediesbusiness@gmail.com

businessremedies@yahoo.com

बंगाली चना, फ्राइड चना और बेसन आटा के निर्माण, प्रसंस्करण और आपूर्ति में माहिर कंपनी है 'जेयम ग्लोबल फूड्स लिमिटेड'

2 सितंबर को खुलकर 4 सितंबर, 2024 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। चेन्नई आधारित 'जेयम ग्लोबल फूड्स लिमिटेड' बंगाली चना, फ्राइड चना और बेसन आटा के निर्माण, प्रसंस्करण और आपूर्ति में माहिर कंपनी है। कंपनी द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी के प्रोस्पेक्टस से कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की है।

यह करती है कंपनी: खाद्य उद्योग में 15 से अधिक वर्षों से, 'जेयम ग्लोबल फूड्स लिमिटेड' वितरकों, बड़े खुदरा विक्रेताओं, होटलों जैसे विभिन्न प्रकार के बाजारों में बंगाल चना (स्थानीय रूप से 'चना' के रूप में जाना जाता है), फ्राइड चना और बेसन आटा के निर्माण और/या प्रसंस्करण और आपूर्ति में माहिर हैं। कंपनी उत्पादों को रेस्तरां, कैटरर्स, ब्रांडेड सुपरमार्केट और थोक विक्रेताओं को आपूर्ति करती है। कंपनी लगातार अनुसंधान और विकास में लगी हुई है और मसालों और मसाला, पकाने के लिए तैयार और खाने के लिए तैयार खाद्य पदार्थ, नमक, चीनी, सोया और सेंवई सहित अन्य के उत्पादों को बी2सी व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए तैयार है।

'जेयम' ब्रांड ने पूरी पारदर्शिता के माध्यम से अपनी गुणवत्ता के लिए अपने वितरकों, खुदरा विक्रेताओं और ग्राहकों का विश्वास और लगाव अर्जित किया है। कंपनी मानक प्रथाओं का पालन और वैधानिक मानदंडों का सख्ती से पालन करती है। कंपनी ने अपने दोनों फैक्टरी स्थानों के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त किया गया है और यह सुनिश्चित करती है कि उसके दोनों फैक्टरी स्थानों में आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 22000:2018 मानकों का पालन किया जाता है और सेलम में स्थित फैक्टरी के लिए आईएसओ प्रमाणन प्राप्त किया है। कंपनी द्वारा गुणवत्ता पर ध्यान यह सुनिश्चित करता है कि खरीद, प्रसंस्करण से लेकर पैकेजिंग तक प्रक्रिया का हर चरण उच्चतम मानकों पर किया जाए। कंपनी की विनिर्माण इकाई, आपूर्ति श्रृंखला के साथ मिलकर, ऐसे उत्पाद वितरित करने में सक्षम बनाते हैं जो ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा कर सके। जेय्याम चना उद्योग के लिए समर्पित हैं और हम इस क्षेत्र में विकास और परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चना में गहरी विशेषज्ञता, एक मजबूत टीम और संपूर्ण चना मूल्य श्रृंखला को स्थापित करने की क्षमता के साथ, हम पैन बनने की राह पर हैं। चना ब्रांड 'जेय्याम चना' उद्योग पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक ब्रांड है। चना उत्पाद विनिर्माण इकाइयों की स्थापना और संचालन में अनुभव ने कंपनी को एक समृद्ध आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र को समझने और बनाने में मदद की है। कंपनी ने चना मूल्य श्रृंखला में फॉरवर्ड और बैकवर्ड एकीकरण का एक मॉडल स्थापित किया है।

वित्तीय प्रदर्शन : वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने कुल राजस्व 253.88 करोड़ रुपए एवं 4.36 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2023 में 382.20 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 7.86 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 629.83 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 15.09 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी के वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है कि कंपनी का राजस्व एवं कर पश्चात शुद्ध लाभ वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है।

प्रवर्तकों का अनुभव

श्रीपाल वीरमचंद संघवी

50 वर्षीय श्रीपाल वीरमचंद संघवी कंपनी के प्रमोटरों में से एक हैं। एक ट्रैक रिकॉर्ड और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ श्रीपाल वीरमचंद ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। वे उन उद्योगों व संगठनों की वृद्धि और सफलता में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं जिनके साथ वह जुड़े हुए हैं। वे 30 वर्षों से अधिक समय से तंबाकू के व्यवसाय में हैं और पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से दक्षिण भारत में एफएमसीजी उत्पाद क्षेत्र में अग्रणी हैं। वे एस एस मार्केटिंग और शांति गुरु टोबैको के मालिक हैं। इसके अलावा वे एक सूचीबद्ध कंपनी शांति गुरु इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमोटरों में से एक भी हैं। उनकी रणनीतिक सोच, वित्तीय विशेषज्ञता और नवाचार के प्रति समर्पण उनकी मुख्य ताकत है।

अमित अग्रवाल

48 वर्षीय अमित अग्रवाल कंपनी के प्रमोटरों में से एक हैं। वह 27 सितंबर, 2023 से बोर्ड का हिस्सा हैं और वर्तमान में 04 मार्च, 2024 से कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में नामित हैं। उन्होंने महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुणे से पॉलिमर में इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। कंपनी का नेतृत्व करने के अलावा वे संगठनों के एक समूह में निदेशक और भागीदार का पद भी संभालते हैं। उनका नेतृत्व कंपनी को आधुनिक व्यवसाय की जटिलताओं के माध्यम से नेविगेट करने में सहायक रहा है। उनके पास स्टोरेज और पेंट्स की पैकेजिंग के 'कैन' के निर्माण के उद्योग में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। इसके अलावा उनके पास रियल एस्टेट उद्योग और जनरल ट्रेडिंग उद्योग में एक दशक से अधिक का अनुभव और आतिथ्य उद्योग में लगभग 5 वर्षों का अनुभव है। उनकी विशिष्टता उत्कृष्टता की उनकी अटूट खोज में निहित है, एक विशेषता जो विनिर्माण और रियल एस्टेट जैसे उद्योगों में प्रतिध्वनित होती है। बाजार के रुझानों का अनुमान लगाने की उनकी क्षमता के साथ-साथ उनकी वित्तीय दक्षता उनकी मुख्य ताकत है।

सुजाता मेहता

50 वर्षीय सुजाता मेहता कंपनी की प्रमोटरों और गैर-कार्यकारी निदेशक में से एक हैं। उन्होंने एथिराज कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। कंपनी में गैर-कार्यकारी निदेशक के पद के अलावा वे संगठनों के एक समूह में निदेशक और भागीदार का पद भी संभालती हैं, जहां उनके सहयोगात्मक दृष्टिकोण और उद्यमशीलता की भावना ने विकास और लाभप्रदता को प्रेरित किया है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता विनिर्माण, फैशन, फार्मा और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उद्योगों में उनकी विविध भागीदारी में परिलक्षित होती है। उभरते बाजार की गतिशीलता के साथ तालमेल बिठाने की उनकी क्षमता और उच्च मानकों के प्रति उनकी अटूट खोज उनकी मुख्य ताकत है।

IPO Date	September 2, 2024 to September 4, 2024
Listing Date	September 9, 2024
Face Value	₹5 per share
Price Band	₹59 to ₹61 per share
Lot Size	2000 Shares
Total Issue Size	1,34,32,000 shares (aggregating up to ₹81.94 Cr)
Fresh Issue	1,20,88,800 shares (aggregating up to ₹73.74 Cr)
Offer for Sale	13,43,200 shares of ₹5 (aggregating up to ₹8.19 Cr)
Issue Type	Book Built Issue IPO
Listing At	NSE SME
Share holding pre issue	3,54,07,956
Share holding post issue	4,74,96,756
Market Maker portion	6,72,000 shares Nnm Securities

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन 2.4 फीसदी दर्ज किया गया है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की कुल असेट्स 192.26 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 80.22 करोड़ रुपए, रिजर्व एंड सरप्लस 62.52 करोड़ रुपए और कुल कर्ज 96.20 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। कंपनी का कर्ज इक्विटी अनुपात 1.2 गुना का है। इस आधार पर कह सकते हैं कि कंपनी पर कर्ज भार ना के बराबर है।

आईपीओ के संबंध में जानकारी: 'जेयम ग्लोबल फूड्स लिमिटेड' का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर 2 सितंबर को खुलकर 4 सितंबर, 2024 को बंद होगा। कंपनी द्वारा बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 5 रुपए फेसवैल्यू के 1,34,32,000 शेयर 59 से 61 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 81.94 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। इनमें से निवेशकों द्वारा 13,43,200 शेयर बिक्री कर 8.19 करोड़ रुपए ऑफर फॉर सेल के माध्यम से हासिल किए जाएंगे। आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 2000 शेयरों का है। आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी कॉर्पविस एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।

आज खुलेगा 'ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड' का आईपीओ

निवेशक 2 सितंबर 2024 तक कर सकेंगें कंपनी के आईपीओ में आवेदन

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। कोलकाता आधारित 'ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड' संपूर्ण यात्रा समाधानों के लिए यात्रा-संबंधी उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। कंपनी का आईपीओ आज खुलकर 2 सितम्बर को बंद होगा।

यह करती है कंपनी: वर्ष 1996 में ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड का इनकॉरपोरेशन हुआ था। कंपनी संपूर्ण यात्रा समाधानों के लिए यात्रा-संबंधी उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें एयरलाइन टिकट, होटल और टूर पैकेज, रेल टिकट के साथ-साथ यात्रा बीमा, पासपोर्ट और सहायक मूल्यवर्धित सेवाएं शामिल हैं। कंपनी वीज़ा प्रसंस्करण गतिविधियों और पर्यटन स्थलों के लिए टिकटिंग भी कार्य करती है। ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड के पास 2010 से लुफ्थांसा सिटी सेंटर इंटरनेशनल जीएमबीएच (एलसीसीआई) की फ्रेंचाइजी भी है और उसे भारत में 'बिजनेस प्लस लुफ्थांसा सिटी सेंटर' के तहत काम करने का अधिकार दिया गया है।

वित्तीय प्रदर्शन : वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने कुल राजस्व 2.90 करोड़ रुपए एवं 69.01 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2023 में 5.79 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 1.50 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 8.03 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 2.96 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी के वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है कि कंपनी का राजस्व एवं कर पश्चात शुद्ध लाभ वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन 36.91 फीसदी दर्ज किया गया है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की कुल असेट्स 24.69 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 14.78 करोड़ रुपए, रिजर्व एंड सरप्लस 6.64 करोड़ रुपए और कुल कर्ज 4.70 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। कंपनी का कर्ज इक्विटी अनुपात 0.32 गुना का है। इस आधार पर कह सकते हैं कि कंपनी पर कर्ज भार ना के बराबर है।

IPO Date	August 29, 2024 to September 2, 2024
Listing Date	[.]
Face Value	₹10 per share
Price	₹40 per share
Lot Size	3000 Shares
Total Issue Size	3,060,000 shares (aggregating up to ₹12.24 Cr)
Fresh Issue	3,060,000 shares (aggregating up to ₹12.24 Cr)
Issue Type	Fixed Price Issue IPO
Listing At	BSE SME
Share holding pre issue	8,142,685
Share holding post issue	11,202,685
Market Maker portion	153,000 shares Black Fox Financial

आईपीओ के संबंध में जानकारी: 'ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड' का आईपीओ बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर आज खुलकर 2 सितंबर 2024 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवैल्यू के 30,60,000 शेयर 40 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 12.24 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 3000 शेयरों का है। आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी फिनश्योर मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।

एम.के.एक्जिम (इंडिया) लिमिटेड

CIN: L63040RJ1992PLC007111
पंजीकृत कार्यालय : G1/150, गारमेंटजोन, ई.पी.आई.पी., सीतापुरा, टोंकरोड, जयपुर -302022, राजस्थान, Phone: 0141- 3937500, 3937501, Fax: +91-141-3937502
ईमेल: complianceofficer@mkexim.com वेबसाइट: www.mkexim.com

32वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर की जानकारी

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि एम.के. एक्ज़िम (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 32वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम' या 'बैठक') शनिवार, 21 सितंबर, 2024 को सुबह 11:00बजे (भारतीय समयानुसार) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से 32वीं वार्षिक आम बैठक के नोटिस में दिये गए प्रस्तावों पर विचार करने के लिए आयोजित की जाएगी, जो कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (" लिस्टिंग विनियम") कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020, दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 और इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्रों के साथ, नवीनतम 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 को और सेबी द्वारा जारी परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी/-पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/167 दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 (यहां 'प्रासंगिक परिपत्र के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में है।

उक्त एमसीए और सेबी द्वारा जारी किये गये परिपत्रों के अनुपालना के तहत कंपनी की 32वीं एजीएम के नोटिस व 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणामों समेत वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रति सभी सदस्यों को ईमेल के माध्यम से 28 अगस्त 2024 को सभी सदस्यों को भेज दिए गये है जिनकी ईमेल कंपनी, रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) व सम्बंधित डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट के यहाँ पंजीकृत है। सदस्यों को 32वीं एजीएम के नोटिस एवं वार्षिक विवरण की भौतिक प्रति भेजने की अनिवार्यता को एमसीए और सेबी परिपत्रों द्वारा हटा दिया गया है। उक्त दस्तावेज कंपनीकी वेबसाइट www.mkexim.com, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseinda.com एवं सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

बुकक्लोजर

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 के नियम 10 के अनुसार, कंपनी का सदस्य और शेयर हस्तांतरण बुक्स 16.09.2024 से 21.09.2024 (दोनों दिनों के समावेशी) तक बंद रहेगा।

ई-वोटिंग

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ (कंपनी प्रबंधन और प्रशासन नियम) 2014 के नियम 20 और सेबी (सूची निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण की आवश्यकता) विनियम, 2015 के 44 नियम और सामान्य बैठक की एसएस-2, के अनुसरण में कंपनी अपने शेयरधारकों को नोटिस में उल्लिखित वार्षिक आम बैठक के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके अपना वोट डालने के लिए सीडीएसएल के माध्यम से ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। आगे शेयर धारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें-

1. दूरस्थ ई-वोटिंग की अवधि 18.09.2024 को प्रातः 09:00 बजे से शुरू होगी और 20.09.2024 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी, इसके बाद दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा को सीडीएसएल द्वारा मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
2. दूरस्थ ई-वोटिंग और लाभांश भुगतान के लिए कट-ऑफ/रिकॉर्ड की तारीख 14.09.2024 है।
3. बैठक के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा केवल उन्हीं अंशधारकों को उपलब्ध कराई जाएगी, जिनका नाम कट-ऑफ तारीख यानी 14.09.2024 को सदस्य के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए लाभार्थी के रजिस्टर में दर्ज किया गया है।
4. निवेशक जो नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी के सदस्य बने और कट-ऑफ की तारीख अर्थात 14.09.2024 के अनुसार अंशधारक हैं, से अनुरोध किया जाता है कि ई-वोटिंग के लिए लॉगिन-आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए फोलियो नंबर / डीपीआईडी और क्लाइंट आईडी कंपनी को लिखित/ ई-मेल संचार माध्यम से beetalrta@gmail.com पर भेज कर प्राप्त कर सकते है।
5. जिन शेयरधारकों ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट नहीं डाला है, वे वार्षिक आम बैठक के दौरान अपना वोट डाल सकते हैं।
6. शेयरधारक, जिन्होंने बैठक से पहले ई-वोटिंग करके अपना वोट डाला है, वे वीसी के माध्यम से बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में अपना वोट दोबारा डालने का हकदार नहीं होगा।
7. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग इंस्ट्रक्शन के लिए, शेयरधारक को दिए गए बैठक की सूचना में दिए गए निर्देश के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कर सकता है।
8. अंशु पारीख, प्रोपराइटर अंशु पारीख एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव को ई-वोटिंग प्रक्रिया के पारदर्शी तरीके से संचालन के लिए स्क्रूटनाइज़र के रूप में नियुक्त किया गया है।
9. ई-वोटिंग और एजीएम में जुड़ने से सम्बंधित किसी भी समस्या या शिकायत के मामले में, सदस्य आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) देख सकते है व सदस्यों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल के हेल्प सेक्शन में उपलब्ध है। सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर भी मेल करने के साथ श्री राकेश दलवी, सीनियर प्रबंधक, सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ए विंग, 25 वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफत लाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग लोअर पर्ल (ईस्ट) मुंबई 400013 फ़ोन: 022-23058542/43 पर संपर्क कर सकते है।
10. कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10/-रुपये प्रत्येक के समता अंश पर 0.50/- रुपये प्रति अंश लाभांश की सिफारिश की है जो आगामी 32वीं एजीएम में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सदस्यों की लाभांश की पात्रता निर्धारित करने के लिए शनिवार, 14 सितंबर, 2024 को रिकॉर्ड तिथि के रूप में तय किया है और यदि 32वीं एजीएम में सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाता है तो ऐसे लाभांश का भुगतान एजीएम तारीख से 30 दिनों के भीतर उन सदस्यों को कर दिया जाएगा:-
    (i) जिनके नाम कट ऑफ/रिकॉर्ड तिथि पर लाभकारी स्वामियों की सूची में लाभकारी स्वामियों के रूप में शामिल हैं।
    (ii) जिनके नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में दर्ज है या कंपनी के आरटीए जो की मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है के पास वैध ट्रांसमिशन या ट्रांसपोज़िशन अनुरोध को प्रभावी करने के बाद में रिकॉर्ड/कट-ऑफ तारीख यानी 14 सितंबर, 2024 को या उससे पहले सदस्य के रूप में दिखाई देते हैं।।
11. कृपया समय पर संचार प्राप्त करने के लिए अपनी अद्यतन ईमेल आईडी कंपनी/आरटीए/अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत रखें।

दिनांक : 29.08.2024
स्थान : जयपुर

एम के एक्जिम (इंडिया) लिमिटेड के लिए
बाबूलाल शर्मा
कंपनी सचिव एवं अनुपालना अधिकारी

एनफ्यूज सॉल्यूशंस लिमिटेड को पंजाब राज्य में प्राथमिक कृषि क्रेडिट सोसायटी के डिजिटलीकरण के लिए मिला 13.61 करोड़ रुपए का ऑर्डर

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। मुंबई आधारित 'एनफ्यूज़ सॉल्यूशंस लिमिटेड' विभिन्न प्रकार की टेक्नोलॉजी और डिजिटल सॉल्यूशन देने वाली कंपनी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी ने पंजाब राज्य में प्राथमिक कृषि क्रेडिट सोसायटी (पीएसीएस) के डिजिटलीकरण के लिए पंजाब सरकार के साथ एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पंजाब परियोजना के लिए अनुबंध मूल्य 13.61 रुपए करोड़ तय किया गया है। यह राजस्व समझौते में निर्धारित परियोजना समयसीमा के भीतर प्राप्त होने की उम्मीद है। कंपनी प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह नया अनुबंध सरकारी क्षेत्र में कंपनी की स्थिति को और मजबूत करेगा और कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन में सकारात्मक योगदान देगा।

यह करती है कंपनी: 2017 में स्थापित, एनफ्यूज सॉल्यूशंस लिमिटेड डेटा प्रबंधन और एनालिटिक्स, ई-कॉमर्स और डिजिटल सेवाओं, मशीन लर्निंग एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिक्षा और टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस के क्षेत्रों में एकीकृत डिजिटल समाधान प्रदान करता है।

कंपनी चार क्षेत्रों में काम करती है: 1.डेटा प्रबंधन और एनालिटिक्स, ई-कॉमर्स और डिजिटल सेवाएं, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडटेक और प्रौद्योगिकी समाधान।

2.डेटा प्रबंधन और एनालिटिक्स में, सूचित निर्णय लेने के लिए डेटा का विश्लेषण करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

3.कंपनी ई-कॉमर्स और डिजिटल सेवाएँ सहज ऑनलाइन अनुभवों के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित और अनुकूलित करती हैं।

4. कंपनी मशीन लर्निंग और एआई नवीन समाधान प्रदान करती है। एडटेक एंड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाता है और तकनीकी समाधान प्रदान करता है।

कंपनी के दो डिलीवरी सेंटर हैं, एक थाणे, महाराष्ट्र में और दूसरा विक्रोली, मुंबई, महाराष्ट्र में। कंपनी देश में अपने घरेलू कारोबार से राजस्व उत्पन्न करती है और अमेरिका, आयरलैंड, नीदरलैंड और कनाडा जैसे देशों को सेवाएं निर्यात करती है।

अग्रवाल फॉर्च्यून इंडिया लिमिटेड

(पूर्व नाम देवकी लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड)
सीआईएन: L74110RJ1993PLC085542
पंजीकृत कार्यालय: एस-9-ए, दूसरी मंजिल, सागर रत्ना गोपालपुरा बाईपास रोड, श्री गोपाल नगर, जयपुर - 302019
कॉर्पोरेट कार्यालय: तीसरी मंजिल, एफ-2264, रीको औद्योगिक क्षेत्र, रामचन्द्रपुरा, जयपुर - 302022
ईमेल आईडी: afiljapur@gmail.com वेबसाइट: www.agarwalfortune.com, संपर्क नं.: 91-7230043249

अग्रवाल फॉर्च्यून इंडिया लिमिटेड की 32वीं एजीएम, बुक क्लोजर, रिकॉर्ड तिथि और दूरस्थ ई-वोटिंग की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अग्रवाल फॉर्च्यून इंडिया लिमिटेड (पूर्व नाम देवकी लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड) ("कंपनी") की बत्तीसवीं (32वीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) नोटिस में निर्धारित व्यवसायों को संचालित करने के लिए, जिसे एजीएम आयोजित करने के लिए प्रसारित किया जा रहा है, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 को 03:00 अपराह्न (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (वीसी/ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से एजीएम के आयोजित की जाएगी।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्रों दिनांकित 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 8 दिसंबर, 2021, 14 दिसंबर, 2021 और 5 मई, 2022 के परिपत्र सपठित परिपत्र दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 और 28 दिसंबर, 2022 (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में जाना जाता है) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") ने दिनांक 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021,13 मई, 2022 और 5 जनवरी, 2023 मई को जारी (सामूहिक रूप से "सेबी परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी / ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") आयोजित करने की अनुमति दी है। कंपनी ने मंगलवार, 27 अगस्त, 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एजीएम बुलाने की सूचना के साथ उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से जिनकी ईमेल आईडी कंपनी और/या डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं, को नोटिस भेजा है। एजीएम नोटिस के साथ वार्षिक रिपोर्ट की प्रति कंपनी की वेबसाइट (www.agarwalfortune.com), स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और रिमोट प्रदान करने वाली एजेंसी के रूप में नियुक्त नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की वेबसाइट पर उपलब्ध है। एजीएम में ई-वोटिंग सुविधा/ई-वोटिंग यानी www.evoting.nsdl.com प्रदान की जा रही है। इसके द्वारा यह भी नोटिस दिया गय है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 91 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए लागू नियमों के अनुसार, कंपनी की 32वीं एजीएम के प्रयोजन के लिए सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 से 20 सितम्बर, 2024 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेगी। सदस्य एजीएम नोटिस में दिए गए अनुसार एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया का उल्लेख कर सकते हैं।

एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग: कंपनी सदस्यों को एजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने में प्रसन्न है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (एलओडीआर), 2015 के विनियमन 44 के अनुपालन में कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 को भौतिक रूप/डीमटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्य एनएसडीएल के रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से www.evoting.nsdl.com पर एजीएम बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग की अवधि मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 (सुबह 09:00 बजे) (आईएसटी) से शुरू होगी और गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 (05:00 अपराह्न आईएसटी) पर समाप्त होगी। इसके बाद एनएसडीएल द्वारा वोटिंग के लिए रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वे सदस्य, जिनके नाम रिकॉर्ड तिथि (कट-ऑफ तिथि) यानी शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 को सदस्यों/लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देते हैं, अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से दे सकते हैं, शेयरधारकों का मतदान अधिकार शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 को कट-ऑफ तिथि के अनुसार कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में हिस्सेदारी में उनके अनुपात के अनुसार होगा।

ईमेल पते को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका:

1. यदि शेयर भौतिक मोड में रखे गए हैं तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की प्रति) (स्व-प्रमाणित स्कैन की गई प्रतिलिपि) afiljapur@gmail.com पर ईमेल द्वारा प्रदान करें।
2. यदि शेयर डीमैट मोड में रखे गए हैं, तो कृपया डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों की डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों की लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) आधार (आधर कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन प्रति) afiljapur@gmail.com पर प्रदान करें। यदि आप डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक हैं, तो आपसे अनुरोध है कि चरण 1 (ए) में बताई गई लॉगिन विधि देखें, यानी ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विधि और डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्ति गत शेयरधारकों के लिए वर्चुअल मीटिंग में शामिल हों।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाला कोई भी व्यक्ति और गैर-व्यक्ति गत शेयरधारक, जो कंपनी के शेयर हासिल करता है और नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है, वह अपने डीपी आईडी और पैन कार्ड नंबर के साथ evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। किसी भी प्रश्न के मामले में, आप https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और सदस्यों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या निम्नलिखित टोल-फ्री नंबर: 022 - 4886 7000 और 022 - 2499 7000। पर एनएसडीएल से संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड की आज्ञानुसार
अग्रवाल फॉर्च्यून इंडिया लिमिटेड के लिए
कृते/-
अदिति परमार
(कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

स्थान: जयपुर
दिनांक: 27.08.2024

भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

BTTL
सीआईएन: L18101RJ2007PLC025502
पंजीकृत कार्यालय: एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाडा - 327001, राजस्थान
फोन: +91-2961 - 231251 - 52, +91-2962 - 302400; फैक्स: +91-2961-231254
कॉर्पोरेट कार्यालय : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए – 12, सैक्टर – 1, नोएडा - 201301, (उ. प्र.)
फोन: +91-120-4390300 (EPABX); फैक्स: +91-120-4277841
ईमेल: bttl.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइट: www.bttl.co.in

वार्षिक आम बैठक (17वीं एजीएम), रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग तथा पुस्तक बंदी की सूचना

22 अगस्त, 2024 को जारी किए गए हमारे अखबार के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों का **17वीं एजीएम शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024 को अपराह्न 2:00 बजे**, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("वीसी/ओएवीएम")** के माध्यम से एजीएम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 17वें एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित किया जाएगा। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांकित 25 सितम्बर, 2023 के साथ पठित इस संबंध में एमसीए द्वारा जारी पिछले परिपत्रों (इसके पश्चात् "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांकित 7 अक्टूबर, 2023 के साथ पठित सेबी द्वारा जारी पिछले परिपत्रों (इसके पश्चात् "सेबी परिपत्र" के रूप में संदर्भित) (एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्रों को सामूहिक रूप से "लागू परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में, एजीएम का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

17वें एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, **बुधवार, 28 अगस्त, 2024** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कम्पनी के उन सदस्यों को प्रेषित कर दी गई हैं, जिनके पास **शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024** तक शेयर प्रतिरक्षित हों तथा जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को प्रदान की जाएगी जो इसके लिए bttl.investor@lnjbhilwara.com पर अनुरोध करेंगे।

ई–वोटिंग की कट–ऑफ तारीख अर्थात् **शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024** को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ("रिमोट ई–वोटिंग") के माध्यम से 17वें एजीएम की सूचना में निर्धारित अनुसार साधारण व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

i) कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु वार्षिक रिपोर्ट के साथ 17वें एजीएम की सूचना का प्रेषण **बुधवार, 28 अगस्त, 2024** को पूरा कर लिया है;

ii) 17वें एजीएम की सूचना में निर्धारित साधारण व्यवसायों का सम्पादन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा किया जाएगा;

iii) रिमोट ई–वोटिंग **मंगलवार, 17 सितम्बर, 2024 को 9:00 बजे पूर्वाह्न (आईएसटी) आरम्भ होगी** तथा **बृहस्पतिवार, 19 सितम्बर, 2024 को 5:00 बजे अपराह्न (आईएसटी) समाप्त होगी;**

iv) ई–वोटिंग अथवा 17वें एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु **कट–ऑफ तिथि शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024** है;

v) कोई भी व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर खरीदता है और कम्पनी द्वारा ईमेल के माध्यम से 17वें एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है एवं **13 सितम्बर, 2024 ("कट–ऑफ तारीख")** तक शेयर प्रतिरक्षित रखता है, वह evoting@nsdl.co.in पर एनएसडीएल को या कम्पनी के ईमेल पते bttl.investor@lnjbhilwara.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है;

vi) सदस्य कृपया ध्यान दें कि: **क)** मतदान हेतु उपर्युक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिए जाने के पश्चात, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी; **ख)** जिन सदस्यों ने 17वें एजीएम की तिथि से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला हो, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 17वें एजीएम में भाग ले सकते हैं, परन्तु 17वें एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे; **ग)** 17वें एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला हो, वे 17वें एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालने हेतु अधिकृत होंगे; एवं **(घ)** वह व्यक्ति जिसका नाम ई–वोटिंग हेतु कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हो, वह रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 17वें एजीएम में भाग लेने तथा 17वें एजीएम के दौरान ई–वोटिंग करने हेतु अधिकृत होगा।

vii) 17वें एजीएम की सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.bttl.co.in, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा एनएसडीएल (एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् evoting@nsdl.co.in पर भी उपलब्ध है।

viii) किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (FAQs) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 022–4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के मामले में, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल से निर्दिष्ट ईमेल आईडी: evoting@nsdl.co.in पर संपर्क करें।

x) जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपने ईमेल पते पंजीकृत करा लें:

क. भौतिक रूप शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया फॉर्म ISR-1 में हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र, जिसमें आपका फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की प्रति (सामने और पीछे), पूरा पता, पंजीकृत किए जाने वाले ईमेल पते के साथ–साथ पैन की स्व–सत्यापित प्रति का उल्लेख हो, बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ("आरटीए") बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली–110062 को भेजें।

ख. डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपना ईमेल पता अद्यतनित करें।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ हेतु जारी की जा रही है एवं यह उक्त लागू परिपत्रों के अनुपालन में है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड
हस्ता/–
अवनीष मौर्य
कम्पनी सचिव एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी
सदस्यता संख्या: एसीएस–49392

स्थान: नोएडा (उ.प्र.)
दिनांक: 28 अगस्त, 2024

BR

सम्पादकीय

अब तक नहीं सुलझ पा रहा किसान आंदोलन

किसानों की मांगों को लेकर काफी समय से आंदोलित है, लेकिन अभी तक इन पर सरकार की ओर से पुख्ता निर्णय नहीं लिया गया है। मांगों

पुनीत जैन

को लेकर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि के किसानों की ओर से 9 अगस्त, 2020 को शुरू किए गए आंदोलन के दौरान नवम्बर, 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों विवादास्पद कृषि कानून वापस लेने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद किसानों ने 11 दिसम्बर, 2021 को अपना आंदोलन वापस ले लिया था। परंतु किसान संगठनों के साथ सरकार ने जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किए जाने के कारण किसानों ने फिर से दिल्ली कूच करने की घोषणा कर दी और अब किसानों के आंदोलन के दूसरे चरण में पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बार्डर पर गत 13 फरवरी से जारी है। धरने के 31 अगस्त को 200 दिन पूरे हो जाएंगे। इस दौरान समय-समय पर कुछ नेताओं द्वारा आपत्तिजनक बयान देकर वातावरण खराब करने की कोशिशें भी जारी हैं। 12 अगस्त को पिछली सुनवाई में सुप्रीमकोर्ट ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों को आंशिक रूप से बार्डर खोलने का निर्देश देते हुए कहा था कि वे शंभू बार्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से ट्रैक्टर और ट्रालियां हटाने के लिए राजी करें। सुप्रीमकोर्ट के उक्त आदेश के बावजूद 21 अगस्त तथा 25 अगस्त को पटियाला में पंजाब पुलिस, किसानों और हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारियों की हुई बैठकें बेनतीजा रहने के कारण बार्डर का खुलना फिलहाल टल गया है। दूसरी ओर किसान नेताओं ने 31 अगस्त को शंभू बार्डर सहित तीन स्थानों पर किए जाने वाले प्रदर्शनों की रणनीति भी बना ली है। जानकारी के अनुसार शंभू बार्डर पर धरने के दौरान अब तक 26 किसानों की मौत हो चुकी है। किसानों का आंदोलन जारी रहने से न सिर्फ उनकी ऊर्जा व्यर्थ में नष्ट हो रही है, बल्कि अपने जिस समय का सदुपयोग वे खेतों में कर सकते थे। वह धरना-प्रदर्शन की भेंट चढ़ रहा है। यही नहीं, धरना-प्रदर्शन के कारण क्षेत्रवासियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और सरकार की प्रतिष्ठा पर भी आंच आ रही है। अतः इस समस्या को यथाशीघ्र सुलझाने में ही सभी पक्षों का हित है। अब जबकि इसी वर्ष हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में चुनाव होने जा रहे हैं, यदि सरकार किसानों की भी सुन ले तो उसे इसका लाभ पहुंच सकता है।

BR

सूचना

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।

-संपादक

जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद

ललित गर्ग

जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी। यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की

सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं।

चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि 'अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।' इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा।

इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों से उम्मीद जगी है कि यहां से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही इन चुनावों की सार्थकता है।

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेगी। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड लाख पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आती जायेगी। परम आवश्यक है कि सर्वप्रथम राज्य का वातावरण चुनावों के अनुकूल बने। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि जाति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है। ये चुनाव ऐसे मौके पर हो रहे हैं जब राज्य लम्बे दौर की विभिन्न चुनौतियों से जूझने के बाद शांति एवं विकास की राह पर अग्रसर है।

अर्थव्यवस्था। प्रोपर्टी

ग्लोबल रियल एस्टेट ट्रांसपेरेंसी इंडेक्स में भारत शामिल

बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली। कोरोना के बाद से भारतीय रियल एस्टेट मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। अब इस मार्केट ने एक नया आयाम हासिल कर लिया है। भारतीय रियल एस्टेट मार्केट पहली बार ग्लोबल रियल एस्टेट ट्रांसपेरेंसी इंडेक्स में शामिल हुआ है।

संपत्ति सलाहकार फर्म जेएलएल के GRETI में भी इस साल भारत ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि का श्रेय देश के मजबूत वित्तीय नियामक, सुव्यवस्थित भवन नियमों और डिजिटलीकृत भूमि रिकॉर्ड को जाता है। JLLÓs Global Real Estate Transparency Inde& (GRETI) के मुताबिक भारत पहली बार इस इंडेक्स में शामिल हुआ है। 2024 में भारत की रैंकिंग 31 वी और स्कोर 2.44 है। चीन भारत से महज एक रैंकिंग ही आगे है और उसका स्कोर 2.42 है। इस इंडेक्स में 2022 से 2024 के बीच सुधार के मामले में भारत का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। भारत लेनदेन प्रक्रिया के मामले शीर्ष 10 देशों में शामिल हो गया है। बढ़ती संस्थागत भागीदारी और परिसंपत्ति स्तर की जानकारी तक अधिक पहुंच से प्रेरित सुधार बढ़ रहा है। मार्केट फंडामेंटल के मामले में भी भारत की रैंकिंग 12वीं है।

जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री और रिसर्च हेड समंतक दास ने कहा कि पारदर्शिता पर जोर देने के साथ-साथ बढ़ती संस्थागत भागीदारी ने भारत के कमर्शियल रियल एस्टेट मार्केट में सर्वोत्तम उद्योग प्रथाओं को अपनाया है। विशेष रूप से 4 मौजूदा रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट

ने स्थिर कमर्शियल परिसंपत्तियों में वृद्धि को प्रेरित किया है, जबकि मानकीकृत बाजार मूल्यांकन प्रक्रियाओं और आरईआईटी नियमों ने बाजार-आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है। भारत के ऑफिस मार्केट में ग्रेड ए ऑफिस स्टॉक का 12 फीसदी हिस्सा है।

रेरा और दिवाला और दिवालियापन संहिता जैसे विनियामक संवर्द्धन ने निवेशकों की सुरक्षा में सुधार किया है, जबकि डिजिटल भूमि रजिस्ट्री रिकॉर्ड और आरबीआई और सेबी द्वारा सख्त निगरानी ने एक मजबूत नियामक परिदृश्य तैयार किया है। इसके अतिरिक्त भारत का टिकाऊ रियल एस्टेट पर फोकस से WELL certification में वृद्धि देखी गई है और यह 2023 में 700 लाख वर्ग फुट तक पहुंच गया है। 2021 की तुलना में इसमें 40 फीसदी इजाफा हुआ है, जो जलवायु जोखिम को कम करने के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

भारत को GRETI मामले में अत्यधिक पारदर्शी मार्केट बनने के लिए और प्रयास करने की आवश्यकता है। जेएलएल की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पारदर्शिता रेटिंग को अगले स्तर पर ले जाने के लिए भारत के लिए हरित पट्टों को अपनाना आवश्यक है।

जेएलएल इंडिया में वरिष्ठ निदेशक (मुंबई एमएमआर और गुजरात) और अल्टरनेटिव्स के प्रमुख करण सिंह सोढ़ी ने कहा कि जेएलएल के वैश्विक रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक में पारदर्शी स्तर पर भारत का चढ़ना उद्योग के एकजुट प्रयासों और सरकारी समर्थन को रेखांकित करता है। यह उपलब्धि पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने और वैश्विक निवेशकों के बीच भारत की स्थिति को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उच्च पारदर्शिता रेटिंग वाले बाजार वैश्विक पूंजी प्रवाह का 80 फीसदी प्राप्त करते हैं।'

उन्होंने कहा कि हालांकि भारत को विशेष रूप से कुशल विवाद समाधान तंत्र स्थापित करने में सुधार की गुंजाइश है। एक मजबूत नियामक विकास के बावजूद रिपोर्ट बताती है कि पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डेटा पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, सार्वजनिक बाजारों में संस्थागत भागीदारी को मजबूत करने और स्थिरता लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है। ये उपाय महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत को 2024 की पहली छमाही में 4.8 बिलियन डॉलर के साथ रियल एस्टेट में रिकॉर्ड पूंजी प्रवाह की उम्मीद है।

सदस्यता कूपन

(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)

अवधि	अंक	सदस्यता शुल्क
1 वर्ष	358	1050

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः .....

पताः .....

.....पिनकोड.....

फोनः..... मो. .....

ड्राफ्ट/चैक का विवरणः .....

ई-मेलः .....

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।

Bank Account:- Business Remedies

A/c No. 61233949765 **Bank Name: SBI**

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020

फोनः- 9166611333, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नही होगा।

कोरियर सुविधा

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

जून तिमाही में आठ प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतों में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ी

बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली। घरों की कीमतों में बढ़ोतरी का रुझान जारी है। अप्रैल-जून तिमाही में देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतों में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर में घरों के दाम सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत बढ़े हैं। रियल्टी कंपनियों के निकाय क्रेडाई, संपत्ति सलाहकार कोलियर्स और डेटा विश्लेषण कंपनी लियासेस फोरास ने घरों की कीमतों की निगरानी करने वाली दूसरी तिमाही की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सालाना आधार पर, जून तिमाही के आखिर में आठ प्रमुख शहरों में औसत आवास कीमतों में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि समीक्षाधीन आठ में से सात शहरों में सालाना मूल्यवृद्धि देखी गई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में साल दर साल सबसे अधिक 30 प्रतिशत की कीमत बढ़ोतरी हुई।

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी देखी गई है, जिसकी पुष्टि शीर्ष आठ शहरों में लेनदेन की मात्रा के साथ-साथ आवास के प्रति प्रचलित पॉजिटिव

सेंटीमेंट्स से होती है। आवास कीमतों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है - यह न सिर्फ अंतर्निहित मांग को दर्शाता है, बल्कि एक पसंदीदा परिसंपत्ति वर्ग के रूप में रियल एस्टेट की ओर निश्चित बदलाव को भी दर्शाता है। आंकड़ों के मुताबिक, अहमदाबाद में आवास कीमतें अप्रैल-जून, 2024 में 13 प्रतिशत बढ़कर 7,335 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6,507 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं।

बेंगलुरू में यह 8,688 रुपये प्रति वर्ग फुट से 28 प्रतिशत बढ़कर 11,161 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। चेन्नई में कीमतें 7,690 रुपये प्रति वर्ग फुट पर स्थिर रहीं। दिल्ली-एनसीआर में कीमतों में अधिकतम 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह 8,652 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 11,279 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। हैदराबाद में आवास कीमतें 10,530 रुपये प्रति वर्ग फुट से सात प्रतिशत बढ़कर 11,290 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गई। कोलकाता में दरें 7,315 रुपये से छह प्रतिशत बढ़कर 7,745 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गईं। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में आवास कीमतें 19,111 रुपये प्रति वर्ग फुट से छह प्रतिशत बढ़कर 20,275 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं।

पुणे में, आवासीय संपत्तियों की कीमतें अप्रैल-जून, 2024 में 13 प्रतिशत बढ़ीं। यह 9,656 रुपये प्रति वर्ग फुट रहीं। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 8,540 रुपये प्रति वर्ग फुट था। लियासेस फोरास के प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद भारत के शहरों में बिक्री में वृद्धि जारी है। कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बादल याग्निक ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में घरों की मांग लगातार अच्छी बनी हुई है। उनका कहना है कि यह पूरा साल आवास बाजार के लिए अच्छा रहने की उम्मीद है।

सोना के वायदा के भाव में 372 रुपये और चांदी में 1251 रुपये की गिरावट

कॉटन-केंडी वायदा 220 लुढ़काः मेंथा तेल में सुधारः नैचुरल गेस, मेटल्स में नरमीः कमोडिटी वायदाओं में 11255 करोड़ रुपये और कमोडिटी ऑप्शंस में 47054 करोड़ रुपये का टर्नओवरः सोना-चांदी के वायदाओं में 8507 करोड़ रुपये का कारोबारः बुलियन इंडेक्स बुलडेक्स फ्यूचर्स 18009 पॉइंट के स्तर पर

बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई

देश के अग्रणी कमोडिटी डेरिवेटिव्स एक्सचेंज एमसीएक्स पर कमोडिटी वायदा, ऑप्शंस और इंडेक्स फ्यूचर्स में 58312.07 करोड़ रुपये का टर्नओवर दर्ज हुआ। कमोडिटी वायदाओं में 11255.67 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जबकि कमोडिटी ऑप्शंस में 47054.96 करोड़ रुपये का नॉशनल टर्नओवर हुआ। बुलियन इंडेक्स बुलडेक्स सितंबर वायदा 18009 पॉइंट के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कमोडिटी ऑप्शंस में कुल प्रीमियम टर्नओवर 970.81 करोड़ रुपये का हुआ।

कीमती धातुओं में सोना-चांदी के वायदाओं में 8507.89 करोड़ रुपये की खरीद बेच की गई। एमसीएक्स सोना अक्टूबर वायदा 71980 रुपये पर खूलकर, 72075 रुपये के दिन के उच्च और 71727 रुपये के नीचले स्तर पर पहुंचकर, 72122 रुपये के पिछले बंद के सामने 372 रुपये या 0.52 फीसदी लुढ़ककर 71750 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंचा। इनके अलावा गोल्ड-गिनी अगस्त वायदा 10 रुपये या 0.02 फीसदी की मंदी रही और यह कॉन्ट्रैक्ट 57899 रुपये प्रति 8 ग्राम के भाव पर ट्रेड हो रहा था। जबकि गोल्ड-पेटल अगस्त वायदा 1 रुपये या 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 7045 रुपये प्रति 1 ग्राम हुआ। सोना-मिनी सितंबर वायदा 71490 रुपये पर खूलकर, 71543 रुपये के दिन के उच्च और 71257 रुपये के नीचले स्तर पर पहुंचकर, 271 रुपये या 0.38 फीसदी गिरकर 71280 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंचा।

चांदी के वायदाओं में चांदी सितंबर वायदा सत्र के आरंभ में 85373 रुपये पर खूलकर, 85418 रुपये के दिन के उच्च और 84129 रुपये के नीचले स्तर को छूकर, 85658 रुपये के पिछले बंद के सामने 1251 रुपये या 1.46 फीसदी घटकर 84407 रुपये प्रति किलो बोला गया। इनके अलावा चांदी-मिनी अगस्त वायदा 1130 रुपये या 1.32 फीसदी की मंदी रही और यह कॉन्ट्रैक्ट 84425 रुपये प्रति किलो हुआ। जबकि चांदी-माइक्रो अगस्त वायदा 1181 रुपये या 1.38 फीसदी गिरकर 84380 रुपये प्रति किलो के भाव पर ट्रेड हो रहा था।

मेटल वर्ग में 1470.15 करोड़ रुपये के ट्रेड दर्ज हुए। तांबा अगस्त वायदा 8.3 रुपये या 1.03 फीसदी लुढ़ककर 800 रुपये प्रति किलो के भाव से कारोबार हो रहा था। जबकि जस्ता अगस्त वायदा 2.35 रुपये या 0.87 फीसदी की गिरावट के साथ 268.3 रुपये प्रति किलो के भाव से कारोबार कर रहा था। इसके सामने एल्यूमीनियम अगस्त वायदा 15 पैसे या 0.06 फीसदी की नरमी के साथ 231.4 रुपये प्रति किलो पर आ गया। जबकि सीसा अगस्त वायदा 1.75 रुपये या 0.94 फीसदी की गिरावट के साथ 184.35 रुपये प्रति किलो के भाव से कारोबार हो रहा था। इन जिंसों के अलावा कारोबारियों ने एनर्जी सेगमेंट में 1301.38 करोड़ रुपये के सौदे किए। एमसीएक्स क्रूड ऑयल सितंबर वायदा 6350 रुपये पर खूलकर, 6368 रुपये के दिन के उच्च और 6213 रुपये के नीचले स्तर पर पहुंचकर, 111 रुपये या 1.75 फीसदी औंधकर 6242 रुपये प्रति बैरल के भाव पर पहुंचा। जबकि क्रूड ऑयल-मिनी सितंबर वायदा 110 रुपये या 1.73 फीसदी औंधकर 6245 रुपये प्रति बैरल हुआ। इनके अलावा नैचुरल गैस सितंबर वायदा सत्र के आरंभ में 175.8 रुपये पर खूलकर, 176 रुपये के दिन के उच्च और 173.5 रुपये के नीचले स्तर को छूकर, 174.2 रुपये के पिछले बंद के सामने 10 पैसे या 0.06 फीसदी की नरमी के साथ 174.1 रुपये प्रति एमएमबीटीयू के भाव से कारोबार हो रहा था। जबकि नैचुरल गैस-मिनी सितंबर वायदा 20 पैसे या 0.11 फीसदी के सुधार के साथ 174.4 रुपये प्रति एमएमबीटीयू हुआ। कृषि जिंसों में मेंथा ऑयल सितंबर वायदा सत्र के आरंभ में 980.5 रुपये पर खूलकर, 80 पैसे या 0.08 फीसदी बढ़कर 984 रुपये प्रति किलो के भाव से कारोबार हो रहा था। कॉटन केंडी सितंबर वायदा 220 रुपये या 0.38 फीसदी औंधकर 57800 रुपये प्रति केंडी बोला गया।

कारोबार की दृष्टि से एमसीएक्स पर सोना के विभिन्न अनुबंधों में 3092.93 करोड़ रुपये और चांदी के विभिन्न अनुबंधों में 5414.96 करोड़ रुपये की खरीद बेच की गई। इसके अलावा तांबा के वायदाओं में 918.70 करोड़ रुपये, एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम-मिनी के वायदाओं में 144.09 करोड़ रुपये, सीसा और सीसा-मिनी के वायदाओं में 46.85 करोड़ रुपये, जस्ता और जस्ता-मिनी के वायदाओं में 360.51 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।इन जिंसों के अलावा क्रूड ऑयल और क्रूड ऑयल-मिनी के वायदाओं में 682.28 करोड़ रुपये के ट्रेड दर्ज हुए। जबकि नैचुरल गैस और नैचुरल गैस-मिनी के वायदाओं में 619.10 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। मेंथा ऑयल के वायदा में 3.75 करोड़ रुपये की खरीद बेच की गई। जबकि कॉटन केंडी के वायदाओं में 4.30 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

ओपन इंटरेस्ट सोना के वायदाओं में 21151 लोट, सोना-मिनी के वायदाओं में 33602 लोट, गोल्ड-गिनी के वायदाओं में 5930 लोट और गोल्ड-पेटल के वायदाओं में 119266 लोट के स्तर पर था। जबकि चांदी के वायदाओं में 31918 लोट, चांदी-मिनी के वायदाओं में 36277 लोट और चांदी-माइक्रो वायदाओं में 120518 लोट के स्तर पर था। क्रूड ऑयल के वायदाओं में 7986 लोट और नैचुरल गैस के वायदाओं में 57619 लोट के स्तर पर था। इंडेक्स फ्यूचर्स में बुलडेक्स सितंबर वायदा 18122 पॉइंट पर खूलकर, 18122 के उच्च और 18004 के नीचले स्तर पर पहुंचकर, 117 पॉइंट घटकर 18009 पॉइंट के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संगठन ने सराहना की

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन

बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई/आईएएनएस

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत भारत में गांवों में बड़े स्तर पर एलपीजी सिलेंडर दिए जाने के कारण लकड़ी और कोयले के चूल्हों से होने वाले प्रदूषण में कमी आई है और इससे सालाना करीब 1.5 लाख जीवन को बचाने में मदद मिल रही है। वैश्विक स्वास्थ्य संस्था वाइटल स्ट्रेटेजीज की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया गया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी पर दी जा रही सब्सिडी नागरिकों के स्वास्थ्य को देखते हुए बिल्कुल उचित है, क्योंकि चूल्हों से घरों के अंदर और बाहर वायु प्रदूषण होता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि घरों में होने वाला वायु प्रदूषण भारत में होने वाले वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में से एक है। इससे ग्रामीण लोगों की सेहत पर तो असर पड़ता ही है, शहरी इलाकों में वायु की गुणवत्ता भी खराब होती है। एलपीजी जैसी स्वच्छ ऊर्जा के घरों में इस्तेमाल से घरों में वायु प्रदूषण कम होगा और पब्लिक हेल्थ में सुधार होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि पीएमयूवाई प्रोग्राम सरकार का गरीब परिवारों तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने का एक फ्लैगशिप प्रोग्राम है। इससे गरीब परिवार तक एलपीजी पहुंचाने में अभूतपूर्व सफलता मिली है। स्टडी में कहा गया कि सरकार की योजना के कारण जनता को 37 लाख हेल्दी इयर्स का फायदा हुआ है।रिपोर्ट में बताया गया कि एलपीजी के अधिक उपयोग के कारण प्रदूषण स्तर में कमी आई है, जो तेलंगाना में 4 प्रतिशत से लेकर बिहार में 28 प्रतिशत तक है। इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने लोकसभा में बताया था कि पीएमयूवाई के तहत 10.33 करोड़ (1 अगस्त, 2024 तक) डिपॉजिट -फ्री एलपीजी कनेक्शन बांटे जा चुके हैं।

'ओद्यौगिक क्लस्टर्स आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले इंजन की तरह'

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

ओद्यौगिक क्लस्टर्स आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले इंजन की तरह हैं जो बड़ी संख्या में नौकरियां उत्पन्न करते हैं। वेदांता दो ओद्यौगिक पार्क स्थापित करने जा रही है, एक एलुमिनियम के लिए और दूसरा जिंक एवं सिल्वर के लिए।

इनका निर्माण गैर-लाभ आधार पर किया जाएगा। एंकर इंडस्ट्री के रूप में वेदांता कच्चे माल और ऊर्जा, खासतौर पर नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगी। उद्यमी सैंकड़ों, हजारों डाउनस्ट्रीम उद्योग और संबंधित उद्यम स्थापित कर सकते हैं। हम तेल एवं गैस तथा आयरन एवं स्टील के लिए भी इसी तरह के पार्कों की स्थापना पर विचार करेंगे। एक ओद्यौगिक पार्क बड़े पैमाने पर निर्माण की प्रतिस्पर्धा बढ़ा सकता है। इससे कच्चे माल के परिवहन की लागत में कमी आती है। ऊर्जा को किफायती दरों पर प्राप्त किया जा सकता है। यह सभी के लिए बुनियादी ढांचे की तरह होगा। इससे कंपनियों के बीच तालमेल बनेगा, जिससे वे लाभ उठा सकेंगी। भारत के लिए ओद्यौगिक पार्क विभिन्न क्षेत्रों और मूल्य श्रृंखला में पैमाना बढ़ाने का अच्छा तरीका हैं। ये न सिर्फ उद्यमियों के लिए बल्कि कर्मचारियों के लिए भी बदलावकारी होंगे, जो क्लस्टर में सर्वश्रेष्ठ टाउनशिप्स एवं सुविधाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। यह मॉडल दुनिया भर में प्रमाणित हो चुका है। मुझे खुशी है कि वेदांता खनिज, धातु एवं ऊर्जा क्षेत्रों में अग्रणी है। मेरे लिए सबसे अधिक संतोषजनक तथ्य यह है कि मुझे एमएसएमई को विकसित होते, फलते-फूलते देखने का अवसर मिल रहा है। ओद्यौगिक पार्क इन सभी को सक्षम बनाएंगे।

RSWM Limited ने लॉन्च किया अपना नया कैंपेन 'फॉर ऑल रीज़न्स, फॉर ऑल सीज़न्स'; छह दशकों के इनोवेशन और भरोसे का जश्न

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

LNJ Bhilwara Group की प्रमुख कंपनी RSWM ने अपने नए डिजिटल कैंपेन 'फॉर ऑल रीज़न्स, फॉर ऑल सीज़न्स' का अनावरण किया। कंपनी पिछले छह दशकों से उच्च गुणवत्ता के टेक्सटाईल प्रोडक्ट्स के माध्यम से भारतीयों के जीवन को समृद्ध बना रही है।

कैंपेन एक शॉर्ट फिल्म के ज़रिए दर्शाता है कि किस तरह ब्रैंड के धागे और कपड़े कई पीढ़ियों से परिवारों के साथ जुड़े हुए हैं। यह फिल्म जीवन की कई अवस्थाओं से जुड़ी भावनाओं पर रोशनी डालती है। फिल्म दर्शाती है कि RSWM के धागों से बने कपड़े बच्चों से लेकर बुज़ुर्गों तक हर उम्र और हर वर्ग के लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।

फिल्म में जीवन के उतार चढ़ाव के साक्षी रहे इन धागों की कहानी बतायी जाती है, कैसे यह धागे आपके जीवन के विभिन्न जज़्बातों को समेटते हैं और आपके जीवन को रंगीन बनाते हैं। अंत में RSWM के कर्मचारी फैक्टरी में बड़ी मशीनरी को ऑपरेट करते नज़र आते हैं, ये दृश्य हर धागे के पीछे छिपे वर्कर्स की मेहनत पर रोशनी डालता है। कैंपेन दर्शकों को याद दिलाता है कि हर धागा कुशल कारीगर की मेहनत का परिणाम है और RSWM सर्वोच्च गुणवत्ता के उत्पादों के साथ दुनिया भर में लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है।

ब्राण्ड की यात्रा पर बात करते हुए रीजु झुनझुनवाला, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, RSWM Limited ने कहा, '' RSWM में बनाया गया हर धागा कारीगरी, इनोवेशन और गुणवत्ता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पिछले छः दशकों से हम दुनिया के कोने-कोने में पहुंच कर अनगिनत लोगों से जुड़े हैं। इस यात्रा में हम सस्टेनेबिलिटी एवं इनोवेशन को अपनाते हुए प्रगति के पथ पर बढ़ते रहे हैं।''

लॉन्च के अवसर पर बी.एम. शर्मा, जॉइन्ट मैनेजिंग डायरेक्टर, RSWM ने कहा, ''फॉर ऑल रीज़न्स, फॉर ऑल सीज़न्स' एक कैंपेन से कहीं बढ़कर है। हमारे प्रोडक्ट्स कई पीढ़ियों से लोगों के जीवन का हिस्सा बने हुए हैं, यह कैंपेन उस संबंध को दर्शाता है। रीसायकल्ड फाइबर से लेकर, सिंथेटिक, कॉटन, मेलांज और सस्टेनेबल यार्न, डेनिम और निटेड फैब्रिक तक हमारे प्रोडक्ट्स हमारी विविधता और उत्कृष्टता का प्रतीक हैं। RSWM समय के हर पड़ाव पर अपने उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरे उतरते रहे हैं और हमें अपनी प्रगति पर गर्व है।''

RSWM सस्टेनेबिलिटी और नैतिक प्रथाओं को भी महत्व देती है तथा सुनिश्चित करती है कि इनके प्रोडक्ट्स पर्यावरण संरक्षण एवं गुणवत्ता के सर्वोच्च मानकों पर खरे उतरें। इनोवेशन्स और आधुनिक तकनीकों के द्वारा यह ऐसे प्रीमियम टेक्सटाईल प्रोडक्ट्स बनाती है जो देशी-विदेशी व्यापार की ज़रूरतों को पूरा कर रहे हैं। इस डिजिटल-फर्स्ट कैंपेन को विभिन्न प्लेटफॉर्म्स जैसे सोशल मीडिया और कंपनी की वेबसाईट पर रोल-आउट किया जाएगा। इसका उद्देश्य मौजूदा एवं नए उपभोक्ताओं के साथ गहरे रिश्ते बनाना है। जो टेक्सटाईल उद्योग में गुणवत्ता एवं इनोवेशन के लिए ब्रैंड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए करेंगे विदेश का दौरा : सीएम मोहन यादव

बिज़नेस रेमेडीज/भोपाल/आईएएनएस

मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए कोशिशों का दौर जारी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि उनकी सरकार निवेशकों के भरोसे पर खरा उतरेगी। साथ ही विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विदेश का दौरा भी करेंगे।

ग्वालियर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा, इस इन्वेस्टर समिट में अब तक हुए सभी इन्वेस्टर समिट से बेहतर परिणाम आने की उम्मीद है। क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों में की जा रही इन्वेस्टर समिट के परिणाम प्रोत्साहित करने वाले हैं। उद्योग समूहों और निवेशकों ने मध्य प्रदेश सरकार पर भरोसा जताया है। राज्य सरकार उनकी अपेक्षाओं पर खरी उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, इन्वेस्टर समिट प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के उद्योगपति भी अपनी गतिविधियों को विस्तार दें और प्रदेश के युवा अपने उद्यम आरंभ करें, राज्य सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री यादव ने आगे कहा कि समिट जीडीपी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। समिट में शिक्षा, एमएसएमई ,भारी उद्योग और कृषि अभियांत्रिकी सहित सभी सेक्टर को शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने उद्योग और उद्यमशीलता में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान आरंभ किया है, इसके अंतर्गत गतिविधियां जारी है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के लिए उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से वे कोलकाता में सितंबर में रोड शो करेंगे। इसके साथ ही 27-28 सितंबर को सागर और अक्टूबर में रीवा में भी इन्वेस्टर समिट होगा। प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए नवंबर माह में विदेश यात्रा भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए लागू की गई नीतियों और व्यवस्था के प्रति उद्योगपति और निवेशक विश्वास व्यक्त कर रहे हैं। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री यादव राज्य में निवेश को बढ़ाने के लिए प्रदेश के बाहर भी जा रहे हैं, वहीं राज्य में अब तक उज्जैन तथा जबलपुर में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं।

पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस और पैरामाउंट हेल्थ टीपीए ने बीमा कंपनियों के साथ मिलकर कैशलेस क्लेम के लिए कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा में '15 मिनट एक्सप्रेस डिस्चार्ज' लॉन्च किया

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

कैशलेस क्लेम के दौरान डॉक्टर द्वारा छुट्टी की मंजूरी देने और अस्पताल से वास्तविक छुट्टी मिलने के बीच लंबे समय तक इंतजार करने की आम शिकायत को संबोधित करने के लिए,पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांड,पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस ने पैरामाउंट हेल्थ टीपीए और इंश्योरेंस कंपनियों के साथ मिलकर 15 मिनट एक्सप्रेस डिस्चार्ज सर्विस लॉन्च की है।

आम तौर पर, डॉक्टर द्वारा डिस्चार्ज की मंजूरी देने के बाद, अस्पताल को विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करने में 4 घंटे तक का समय लग सकता है, और फिर टीपीए को क्लेम पर कार्रवाई करने में 2 घंटे लग सकते हैं। इसका मतलब है कि मरीजों को जाने से पहले अक्सर 5-6 घंटे अतिरिक्त इंतजार करना पड़ता है।

नई 'एक्सप्रेस डिस्चार्ज' सर्विस का लक्ष्य बीमित व्यक्तियों के लिए डिस्चार्ज प्रक्रिया को तेज और आसान बनाना है, जिससे वेटिंग टाइम 5-6 घंटे से घटकर भविष्य में केवल 15 मिनट रह जाएगा। इस त्वरित डिस्चार्ज पायलट कार्यक्रम में शामिल लोग उन कंपनियों के कर्मचारी हैं जिन्होंने पीबीएफबी से ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस खरीदा और एक्सप्रेस डिस्चार्ज सर्विस का उपयोग करने के लिए सहमति व्यक्त की। पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस के हेड और डायरेक्टर सज्जा प्रवीण चौधरी ने कहा, कि उपयोगकर्ता के दृष्टिकोण से स्वास्थ्य बीमा कितना अच्छा और उपयोगी है, इसकी असली परीक्षा तब होती है जब उन्हेंक्लेम करने की आवश्यकता होती है। हमारे कॉर्पोरेट पार्टनर्स के लिए, एम्पलॉयी वेलफेयर सुनिश्चित करना और आसान क्लेम प्रक्रिया उनके एम्पलॉयी बेनिफिट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी रिसर्च से पता चलता है कि डिस्चार्ज के दौरान लंबे समय तक इंतजार करना लोगों के लिए एक बड़ी निराशा है। पॉलिसीबाजार में, हम अपने इंश्योरेंस पार्टनर्स के साथ वर्षों से प्रोडक्ट और प्रक्रिया इनोवेशन में सबसे आगे रहे हैं और हमने अपने पार्टनर्स के साथ इस मुद्दे का समाधान करने का निर्णय लिया है।हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह पहल क्लेम्स के लिए टीएटी को कम करने की आईआरडीएआई की हालिया पहल के अनुरूप इंश्योरेंस इंडस्ट्री में बहुत जरूरी बदलाव लाने के लिए एक उदाहरण स्थापित करेगी

पैरामाउंट हेल्थ टीपीए के चीफ ओपरेटिंग ऑफिसर आत्मान शाह ने कहा, कि एक्सप्रेस डिस्चार्ज सुनिश्चित करता है कि बीमित व्यक्तियों और उनके परिवारों को मिनटों के अंदर डिस्चार्ज मिल जाए, जिससे आमतौर पर डॉक्यूमेंट्स तैयार करने में लगने वाले कीमती समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। यह पहल महत्वपूर्ण चरणों के दौरान भावनात्मक तनाव को काफी कम करती है और कस्टमर सर्विस एक्सपीरियंस, जिससे यह इसमें शामिल सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद हो जाता है। यह सेवा बेहतरीन ग्राहक सेवा प्रदान करने और स्वास्थ्य सेवा को सुचारू रूप से चलाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। कुशल और स्पष्ट होने पर ध्यान केंद्रित करके, हम कठिन समय के दौरान तनाव को कम करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा मिले।

बारिश और लैंडस्लाइड से बंद हुई कई सड़कों को जल्द ही खोला जाएगा : पीडब्ल्यूडी सचिव

बिज़नेस रेमेडीज/देहरादून/आईएएनएस

मानसून के दिनों में उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड होने से यहां की सड़कों पर मलबा और पत्थर जमा हो जाता है। जिसकी वजह से देवभूमि में कई सड़कों पर यातायात आवाजाही बंद हो जाती है। सड़क बंद होने से बाहर से आने वाले यात्रियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में प्रशासन द्वारा यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए रूट डायवर्ट किया जाता है।

उत्तराखंड के लैंडस्लाइड जोन में पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी तेजी से काम कर रहे हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही कई सड़कों को यातायात आवाजाही के लिए खोल लिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के सचिव पंकज पाण्डेय ने बुधवार सुबह इस संबंध में अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

जानकारी के अनुसार मीटिंग के बाद उन्होंने बताया कि राज्य में खराब सड़कों को लेकर अफसरों के साथ मीटिंग की गई है। प्रदेश में बारिश और मलबा आने से सड़कें खराब हुई थी। उन्होंने कहा कि 83 सड़कें खराब हुई थी, जिसमें अधिकतर आज से खोल दी जाएंगी, जहां सड़कें ठीक नहीं वहां रूट डायवर्ट किया गया है। जो सड़कें अभी बंद हैं, उनमें एक नेशनल हाईवे है जो बद्रीनाथ धाम को जाता है। यहां नंदप्रयाग के पास काफी दिनों से मलबा और पत्थर आ रहा है। लगातार वहां पर कार्य किया जा रहा है। लेकिन, कार्य अभी पूरा नहीं हो सका है। हमने तब तक के लिए यातायात आवाजाही के लिए रूट को डायवर्ट कर दिया है। पीडब्ल्यूडी सचिव पंकज पाण्डेय ने बताया, पिछले साल 200 से अधिक लैंडस्लाइड जोन चिन्हित किए गए थे। जिनमें 100 से अधिक पर इस साल बरसात से पहले काम शुरू कर दिया गया था और इस काम में खर्च अधिक आता है, जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार, पीडब्ल्यूडी के साथ-साथ आपदा प्रबंधन विभाग से भी पैसा मिला है। उन्होंने कहा है कि हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द इन सभी जगह को ठीक कर यातायात आवाजाही के लिए खोल दिया जाए।

आर्टिफिशियल फ्लावर्स, प्लांट्स और डेकोरेटिव उत्पाद निर्माण क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख कंपनी है 'इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड' कंपनी ने जयपुर मे जया डेकोर के साथ एमओयू के तहत खोला स्टोर

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। मुंबई आधारित 'इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड' घरों, कारोबारी स्थानों व कार्यक्रमों को सजाने के लिए आर्टिफिशियल फ्लावर्स, प्लांट्स और डेकोरेटिव उत्पाद बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने उत्तर-पश्चिम भारत में कारोबारी विस्तार और कंपनी के ब्रांड को स्थापित करने के उद्देश्य से जयपुर में लैंडमार्क स्टोर खोलने के लिए जयपुर आधारित जया डेकोर के साथ एमओयू के अनुसार स्टोर की ओपनिंग की। जया डेकोर ने जयपुर में 6500 वर्गफुट क्षेत्रफल में फ्रेंचाइजी स्टोर स्थापित किया है।

यह करती है कंपनी: वर्ष 2012 में कंपनी का इनकॉर्पोरेशन हुआ था। इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड की स्थापना मनीष टिबरेवाल और राहुल झुनझुनवाला ने की थी। कंपनी के पास आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स, गिफ्ट आइटम्स, घर, कार्यालयों और मॉल, बैंक्वेट हॉल आदि जैसे अन्य प्रतिष्ठानों के लिए सजावट कार्य करने के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव है। पिछले 12 वर्षों की अवधि में, कंपनी ने न सिर्फ घरेलू बाजार में आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स और उनके द्वारा निर्मित अन्य सजावटी वस्तुओं की बिक्री में वृद्धि की है, बल्कि चीन, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस और इंडोनेशिया से अन्य घरेलू और शादी की सजावट के उत्पादों के आयात को शामिल करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार भी किया है।

इन वर्षों में कंपनी कॉर्पोरेट, बीटूबी और बीटूसी सेगमेंट में एक मजबूत ग्राहक बनाने में सक्षम रही है। कंपनी का पूरा कारोबारी परिचालन असेट लाइट मॉडल पर आधारित है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 8000 से ज्यादा एसकेयू शामिल हैं। कंपनी को अपने कुल कारोबार का करीब 80 फ़ीसदी रिपीट कस्टमर से प्राप्त होता है। कंपनी का मुंबई स्थित बालरेड एस्टेट पर 10000 स्क्वायर फीट में शोरूम स्थापित है। इसके अलावा मुंबई के अंधेरी वेस्ट में 2000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में कंपनी का एक्सक्लूसिव शोरूम स्थापित है। कंपनी की विनिर्माण सुविधा गुजरात में स्थित है। यह निर्माण इकाई उत्पादन के लिए सभी आवश्यक उपकरणों, गुणवत्ता नियंत्रण के लिए परीक्षण उपकरण और कुशल असेंबली और सरल लॉजिस्टिक्स को सक्षम करने के लिए अतिरिक्त हैंडलिंग आपूर्ति से पूरी तरह सुसज्जित है।

कंपनी की दो सुसज्जित विनिर्माण इकाइयाँ हैं। एक उमरगाम, गुजरात में स्थित है और इसका क्षेत्रफल 57,000 वर्ग मीटर है। दूसरी इकाई उमरगांव, गुजरात में स्थित है और इसका माप 7,000 वर्ग मीटर है। दोनों इकाइयों में कंपनी के व्यवसाय संचालन को सुचारू रूप से चलाने के लिए कंप्यूटर सिस्टम, इंटरनेट कनेक्टिविटी, संचार उपकरण, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं हैं। कंपनी का मुख्य कॉर्पोरेट कार्यालय फोर्ट, मुंबई में स्थित है। यहां, कंपनी अपनी सभी प्रशासनिक और रिपोर्टिंग आवश्यकताओं और फ़ैक्टरी सहायता का प्रबंधन करती है। वर्तमान में कंपनी में 100 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है।

धारीवालकॉर्प लिमिटेड ने जोधपुर में नई मसाला और कृषि प्रसंस्करण इकाई शुरू करने की घोषणा की

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। धारीवालकॉर्प लिमिटेड ('कंपनी') ने प्रसंस्करण उद्योग में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक रोमांचक नई परियोजना के शुभारंभ की घोषणा की है। कंपनी राजस्थान के जोधपुर में एक अत्याधुनिक प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के साथ अपने परिचालन का विस्तार कर रही है। यह पहल मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को भारत में अपने उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, नौकरियां पैदा होंगी और आर्थिक विकास में वृद्धि होगी। मसालों और कृषि उत्पादों की सफाई, ग्रेडिंग, छंटाई और पीसने पर ध्यान केंद्रित करने वाली नई परियोजना खसरा नंबर 1237/869, ग्राम सालावास, जोधपुर, राजस्थान में स्थित होगी। भारत के प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में से एक में इस रणनीतिक स्थान (जोधपुर, राजस्थान) से मसाला प्रसंस्करण की गुणवत्ता और दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

इस परियोजना में 7200 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता वाली प्रसंस्करण इकाई की स्थापना शामिल है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान जीरा, धनिया, सौंफ, मेथी आदि जैसे बीज मसालों के महत्वपूर्ण उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। धारीवालकॉर्प लिमिटेड ने इस क्षेत्र में कच्चे माल की प्रचुर उपलब्धता के साथ मसालों और कृषि उत्पादों की मजबूत मांग को पहचानते हुए एक गहन बाजार मूल्यांकन किया है। यह नई परियोजना क्षेत्रीय शक्ति यों का लाभ उठाने और बाजार की जरूरतों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस प्रसंस्करण इकाई की स्थापना से न केवल मसाला उद्योग में कंपनी की उपस्थिति बढ़ेगी बल्कि स्थायी विकास में भी योगदान मिलेगा और हितधारकों के लिए मूल्य पैदा होगा। इस परियोजना से प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता वाले मसाले और कृषि उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने की उम्मीद है।

हालाँकि, इकाई का प्राथमिक ध्यान निर्यात पर होगा जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने के लिए एक रणनीतिक कदम का संकेत देगा, जिससे देश के निर्यात राजस्व को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय मसालों के लिए वैश्विक पदचिह्न तैयार होगा। इसके अलावा, कंपनी को अगले 7 वर्षों के लिए केंद्र सरकार से ब्याज सब्सिडी, राजस्थान सरकार से पूंजीगत सब्सिडी और राजस्थान सरकार से विभिन्न अन्य प्रोत्साहनों जैसे विभिन्न रूपों में सरकारी सहायता प्राप्त होगी, जिसमें कर छूट, उपयोगिता सब्सिडी या बुनियादी ढांचे को समर्थन जैसे लाभ शामिल होंगे । कुल मिलाकर, यह पहल विकास, नवाचार और बाजार प्रति या के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है जो न केवल जोधपुर में स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी बल्कि भारत की विनिर्माण क्षमताओं और वैश्विक व्यापार उपस्थिति को बढ़ाने के व्यापक उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाल रही है। कंपनी अपने निवेशकों के साथ पारदर्शिता और खुला संचार बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि कंपनी अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य बनाने का प्रयास कर रही है।

'इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड' को मिला रेज़ ग्रीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग से 34.21 करोड़ रुपए का ऑर्डर

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। जयपुर आधारित प्रमुख सोलर पीवी माड्यूल निर्माता कंपनी 'इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड' ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को जयपुर आधारित रेज़ ग्रीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग से करीब 34.21 (जीएसटी सहित) करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के तहत कंपनी को 24.985 मेगावॉट क्षमता के 545 डब्ल्यूपी एसपीवी पैनल्स आपूर्ति करने होंगे। कंपनी को यह आपूर्ति वित वर्ष 2024-25 में पूरी करनी होगी।

यह करती है कंपनी: इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए) एक प्रमुख राष्ट्रीय सौर ऊर्जा प्रदाता है और सौर ईपीसी डोमेन में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। बीएसई एसएमई सूचीबद्ध कंपनी ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ भारत के ऊर्जा-परिदृश्य को बदलते हुए 500 मेगावाट से अधिक सौर पीवी मॉड्यूल का नवाचार, विकास, इंजीनियरिंग और निर्माण किया है।

कंपनी का अत्यधिक कुशल उत्पाद पोर्टफोलियो बेहतर कारोबारी संभावनाओं को सुनिश्चित करता है और विभिन्न अनुप्रयोगों में अद्वितीय तकनीकी लाभ प्रदान करता है। कंपनी पॉली और मोनो क्रिस्टलीय सोलर पीवी मॉड्यूल और हाफ कट, डुअल ग्लास (ग्लास से ग्लास), बीआईपीवी, पॉली, मोनोफेशियल/बिफेशियल, टॉपकॉन मॉड्यूल जैसे नवीन उत्पादों की आपूर्ति करते हैं। कंपनी के देश में निर्मित सोलर पैनल BIS और ALMM अनुमोदित हैं और L, NISE, CE, BIS-IS:14286 द्वारा प्रमाणित हैं।

बीमा। बैंकिंग। ज्वैलरी

गुजरात मेडिकल काउंसिल ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के साथ हुए बीमा धोखाधड़ी के शिकायत पर कार्रवाई की

बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी की बीमा क्षेत्र में नैतिक प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करने वाले एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में गुजरात मेडिकल काउंसिल (जीएमसी) ने स्वास्थ्य बीमा के संदिग्ध दावों के मामले में शामिल दो डॉक्टरों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद, जीएमसी ने मामले की गहन जांच की। नतीजतन, काउंसिल ने गुजरात में दो मेडिकल प्रैक्टिशनरों के पंजीकरण को एक महीने की अवधि के लिए निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई संभावित धोखाधड़ी गतिविधियों का पता लगाने और उसे रिपोर्ट करने में बीमा कंपनी की सतर्कता के महत्व को रेखांकित करती है।

जांच से पता चला कि संबंधित डॉक्टरों ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड को संदिग्ध दावे प्रस्तुत किए थे, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने के फर्जी रिकॉर्ड और चिकित्सा उपचारों का मिथ्या विवरण शामिल था। विशेष रूप से, यह पाया गया कि डॉक्टरों ने मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने के झूठे दस्तावेज तैयार किए, ऐसे उपचार दिखाने के लिए चिकित्सा रिकॉर्ड में हेरफेर की जो कभी हुए ही नहीं और उन्हें अन्य चिकित्सा पेशेवरों की साख का दुरुपयोग करने का दोषी पाया गया। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य स्पष्ट रूप से गैर-मौजूद या अतिरंजित चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए गलत तरीके से बीमा लाभ का दावा करना था। इस तरह की धोखाधड़ी गतिविधियों से न केवल बीमा कंपनी के लिए वित्तीय जोखिम उत्पन्न होता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की अखंडता एवं चिकित्सा पेशेवरों पर जो लोगों का भरोसा है वह भी खतरे में आ जाता है। इन संदिग्ध दावों की पहचान करने और रिपोर्ट करने में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का सक्रिय दृष्टिकोण बीमा पारिस्थितिकी तंत्र की अखंडता को बनाए रखने के प्रति उसके समर्पण को दर्शाता है। धोखाधड़ी की प्रथाओं के खिलाफ़ कदम उठाकर, कंपनी जिम्मेदार कॉर्पोरेट व्यवहार पर अपने रुख एवं अपने पॉलिसीधारकों और व्यापक जनता के हितों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह घटना धोखाधड़ी की प्रथाओं के खिलाफ़ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुरक्षा में बीमा कंपनियों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की याद दिलाती है।

चीनी मुद्रा में दुनिया का पहला एसजीएस बांड फ्रैंकफर्ट में सूचीबद्ध

बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग/आईएएनएस

दुनिया का पहला आरएमबी एसजीएस बांड 26 अगस्त को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया। आरएमबी चीनी मुद्रा के लिए लिखा जाता है।

जानकारी के अनुसार एसजीएस तीन प्रकार के ऋणों के संग्रह का संक्षिप्त रूप है- सतत विकास से जुड़े ऋण, हरित ऋण और सामाजिक उत्तरदायित्व ऋण। बैंक ऑफ चाइना की आधिकारिक वेबसाइट ने हाल ही में घोषणा की कि बैंक ऑफ चाइना की फ्रैंकफर्ट शाखा ने 13 अगस्त को 2.5 अरब युआन के पैमाने और दो साल की निश्चित ब्याज दर के साथ सफलतापूर्वक एसजीएस बांड जारी किए। बैंक ऑफ चाइना की फ्रैंकफर्ट शाखा के प्रभारी ने 26 तारीख को फ्रैंकफर्ट स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित लिस्टिंग समारोह में कहा कि आरएमबी एसजीएस बांड को वैश्विक निवेशकों से व्यापक ध्यान और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

जन-धन योजना ने करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा : सीएम

बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'जन-धन योजना' के 10 साल पूरे होने पर कहा कि योजना ने करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा है।

मुख्यमंत्री धामी ने अपनो सोशल मीडिया एक्स से पोस्ट करते हुए लिखा, सशक्त वित्तीय समावेशन का 1 दशक पूर्ण ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की जन-धन योजना के माध्यम से 10 वर्षों में देश के वित्तीय समावेशन की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस योजना ने करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़कर वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित किया है और आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 10 साल की इस यात्रा में, जन-धन योजना से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग भी मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। इस योजना की सफलता के साथ हम सभी को एक सशक्त और समृद्ध भारत की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अपने दूसरे पोस्ट में लिखा, 'बैंकिंग सेवा से जुड़ रहा उत्तराखंड का जन-जन'। प्रधानमंत्री जनधन योजना भारत में आर्थिक क्रांति का सूत्रपात है जिससे करोड़ों नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड में भी गरीब एवं वंचित वर्ग को जनधन योजना के अंतर्गत बैंकिंग से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता एवं जनधन खातों ने देश के वित्तीय समावेशन को नए आयाम दिए हैं। उन्होंने बताया कि जन धन योजना के तहत प्रदेश में 36.64 लाख खाते खोले गए। 24.43 रुपे कार्ड जारी किए गए। बता दें कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के 10 साल पूरे हो गए हैं।

सरकार ने 28 अगस्त 2014 को इस योजना की शुरुआत की थी। जनधन योजना के जरिए सरकार देश के गरीब, वंचित तबके को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने में कामयाब रही है। इसके साथ साथ ही डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर यानी डीबीटी के माध्यम से सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स का भी फायदा सीधे लाभार्थियों तक इसके जरिए पहुंचाया जा रहा है।

'भारत और जीसीसी देशों का द्विपक्षीय व्यापार 162 अरब डॉलर पहुंचा, निर्यात में हुई वृद्धि'

बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस

भारत और गल्फ कॉरपोरेशन काउंसिल (जीसीसी) के बीच द्विपक्षीय व्यापार बीते वर्ष बढ़कर 162 अरब डॉलर का हो गया है। सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है।

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम पी. महाजन ने कहा कि जीसीसी की भारत के कुल व्यापार में हिस्सेदारी 15 प्रतिशत की हो गई है। इन देशों का एनर्जी, डिफेंस, सिक्योरिटी और हेल्थ जैसे बढ़ते हुए क्षेत्रों में अहम योगदान है। राष्ट्रीय राजधानी में हुए फिक्की के एक इवेंट में उन्होंने कहा कि कुल व्यापार के आंकड़े में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, लेकिन जीसीसी देशों को भारत का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारत की ओर से जीसीसी देशों को कई प्रकार के प्रोसेस फूड्स, ज्वेलरी, सिंथेटिक फाइबर और यार्न, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान और केमिकल उत्पादों का निर्यात किया जाता है। महाजन ने कहा कि भारत और गल्फ देशों के बीच सांस्कृतिक और द्विपक्षीय व्यापार मजबूत है। तेल के आयात में वृद्धि होने के कारण जीसीसी के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में काफी सुधार हुआ है। 2022 के सरकारी डेटा के मुताबिक, जीसीसी देशों की भारत के तेल आयात में 35 प्रतिशत और गैस आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 2021-22 में भारत ने जीसीसी देशों से 48 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था। वहीं, 2021-22 के दौरान 21 अरब डॉलर का एलएनजी और एलपीजी आयात की थी। वित्त वर्ष 2017-18 से भारत और जीसीसी देशों का व्यापार 10.57 प्रतिशत के सीएजीआर (कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ रहा है।

इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर की यात्रा की थी। यहां पर प्रधानमंत्री की ओर से द्विपक्षीय व्यापार को लेकर दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 में यूएई के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 85 अरब डॉलर का था। इस दौरान भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय व्यापार 20 अरब डॉलर का था।

अवंतिपुर के मंदिरों के खंडहर भी है पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

बिजनेस रेमेडीज/कश्मीर

कश्मीर वादी सिर्फ अपनी खूबसूरती या डल झील के लिए ही जानी जाती है, ऐसा सोचना गलत है क्योंकि खूबसूरती के अतिरिक्त 'धरती के स्वर्ग' पर सैंकड़ों ऐसी वस्तुएं हैं जो अपना एक अलग ही आकर्षण रखती हैं और जिनको देखने के लिए विश्व भर से लोग आते रहते हैं। इन वस्तुओं में युगों पुराने स्मारक तथा कई अन्य महलों व मंदिरों के खंडहर भी शामिल हैं जिनका आकर्षण आज भी उतना ही है जितना पहले कभी था।

जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर से करीब 29 किमी की दूरी पर जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनंतनाग जिले की ओर तो अवंतिपुर गांव आता है। पहले कभी अवंतिपुरा के नाम से जाना जाता था यह कस्बा जो आज अवंतिपुर कहलाता है और दरिया जेहलम के किनारे बसा हुआ है। अगर इतिहास के झरोखे में झांकें तो मालूम पड़ता है कि अवंतिपुर की स्थापना महाराजा अवंतिवर्मा ने की थी जिन्होंने सन् 854 से लेकर 883 तक कश्मीर पर राज किया था। अवंतिपुर वैसे भी कश्मीर की प्राचीन राजधानियों में से एक गिनी जाती है लेकिन यह सबसे प्रसिद्ध राजधानी मानी जाती रही है।

इस कस्बे के दो मुख्य आकर्षण, जो आज भी माने जाते हैं, बड़े-बड़े मंदिरों के खंडहर हैं जिन्हें कभी इनके संस्थापक ने सुशोभित किया था। अनंतनाग की ओर बढ़ते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाएं हाथ पर जो प्रथम खंडहर दिखते हैं वे शिवा-अवंतिस्वर के मंदिर के खंडहर हैं। इस मंदिर की बड़ी-बड़ी दीवारें अवंतिपुर से तीन मील दूर जुरबरोर गांव के बाहर हैं जो बिना आधार के रखी गई हैं तथा अति महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ विशालकाय भी हैं। यह मंदिर जो आज अंग-भंग हो चुका है एक विशाल बरामदे में स्थित था जिसके चारों ओर बड़े-बड़े पत्थरों से दीवार बनाई गई थी और पश्चिमी द्वार की ओर बांसुरी की तरह खम्बे तो थे लेकिन उनमें पीछे की ओर से कोई आला नहीं था। भीतर प्रवेश का रास्ता इसी दीवार के बीच था जिसे एक अन्य दीवार दो भागों में विभक्त करती है। इसकी दीवारों पर किसी प्रकार की कोई कलाकृतियां नहीं उकेरी गई हैं। इसके आले तथा चौखटें पूरी तरह से सादे हैं जिन पर कोई कलाकृति नजर नहीं आती। बरामदे के केंद्र में यह मंदिर स्थित है और जिस चबूतरे पर इस मंदिर की आधारशिला रख कर इसका निर्माण किया गया है वह करीब दस फुट ऊंचा है तथा 58 वर्ग फुट व्यास का है। इस चबूतरे के प्रत्येक कोने में 16 वर्ग फुट के अलग अलग चबूतरे जुड़े हुए हैं जो अपने आप में अलग अलग मंदिर, छोटे-छोटे रूप में, के खंडहर हैं। प्रत्येक तरफ से चबूतरे के ऊपर चढ़ने का रास्ता है और ऊपर चढ़ने के लिए सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। ठीक उसी तरह जिस तरह पंडरेथन के मंदिर हैं। यह सीढ़ियां कोई छोटी-मोटी सीढ़ियां नहीं हैं बल्कि प्रत्येक सीढ़ी की चौड़ाई जहां साढ़े अठाईस फुट के करीब है वहीं इनको बाहरी दीवारों से सहारा दिया गया है।

इस मंदिर के जो चबूतरे हैं वे सिर्फ एक ही स्थान पर यही आभास देते हैं कि वे मंदिर की आधारशिला से जुड़े रहे होंगे जबकि अन्य स्थानों पर इन्हें संयुक्त दीवारों से जोड़ा गया है जो मंदिर के ऊपर से गिर पड़ी होंगी तथा कला का उत्कृष्ट नमूना पेश करती हैं जिन्हें देखने वाला ढंग रह जाता है। दक्षिणी-पूर्वी किनारे पर जो आधारशिला है वहां कला के उत्कृष्ट नमूने के भरपूर दर्शन होते हैं तथा यह नमूने उस काल की कला के बारे में भी जानकारी देते हैं।

मंदिर के आधार पर जो एकमात्र बाहरी शोभा आज बची हुई है वह मंदिर की कला का नमूना तो है ही साथ ही में बढ़े आकार के खम्भे के मस्तक भी हैं जो समकोण होने के साथ-साथ पूरी तरह से सादगी लिए हुए हैं। जबकि एक खम्बा ऊपर भी टंगा है आज भी। बरामदे में इसके अतिरिक्त खंडयुक्त मेहराबों का क्रम भी नजर आता है जो छितराए हुए तो हैं ही साथ ही में कला के उत्कृष्ट नमूने भी माने जाते हैं। और इनमें सबसे बढ़िया कारीगरी के नमूनों में एक तो दक्षिणी सीढ़ी के सामने पड़ा एक खम्बा है मेहराब युक्त तो दूसरा फूलों से कारीगरी किया हुआ एक अन्य खम्बा जबकि इसके साथ ही एक अन्य खम्बा रखा गया जिसके आधार पर दो मेढ़े आमने-सामने बैठे हुए हैं और एक युवती डमरू पर नाच दिखा रही है जो दो शेरों की आकृति वाले सिंहासन पर बैठाया गया है। बीचोंबीच हाथी की आकृति भी उकेरी गई है। हालांकि यह खंडहर आठवीं सदी के हैं लेकिन आज भी यह उतने ही आकर्षित करते है।

एंटीक मूर्ति से लेकर होममेड चॉकलेट तक, डलहौजी के बाजार में है सब अवेलेबल

बिजनेस रेमेडीज/हि. प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में चंबा जिले का शहर डलहौजी सर्दियों में अपनी रूमानियत पर होता है। जब बर्फ पहाड़ों पर ही नहीं ऊंचे-ऊंचे पेड़ों और घरों की छतों पर भी अपनी ढाक जमा लेते हैं। उस समय इसे देखकर ऐसा लगता है जैसे आप हिमाचल में नहीं बल्कि कहीं विदेश में घूम रहे हैं। सर्दियों में इसी नज़ारे को देखने के लिए यहां टूरिस्टों की आवाजाही बढ़ जाती है।

घूमने के अलावा डलहौजी से आप यूनिक आइटम्स की खरीददारी भी कर सकते हैं। तो आज यहां के चुनिंदा और बेहतरीन शॉपिंग डेस्टिनेशन्स के बारे में जानेंगे

डलहौजी से इन चीज़ों की जरूर करें शॉपिंग

डलहौजी आने वाले पर्यटक यहां गर्म कपड़े, चंबा चप्पल, चंबा जरीस (एक तरह की मिठाई), चंबा चुख (लाल व हरी मिर्च से तैयार मिश्रण), आर्टीफिशियल ज्वेलरी, चंबा शॉल, पीतल व तांबे से निर्मित कलाकृतियां खरीद सकते हैं।

गांधी चौक

डलहौजी में शॉपिंग के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है गांधी चौक। जहां से टूरिस्ट ट्रेडिशनल बैग्स, डॉल्स, हैंडीक्राफ्ट्स और पर्स हर एक चीज़ की खरीददारी कर सकते हैं।

एम्पोरियम से आप अच्छी वैराइटी वाले शॉल अपने साथ ले जा सकते हैं। दूर-दूर से आए टूरिस्ट यहां तिब्बती कार्पेट्स और हैंडीक्राफ्ट्स खरीदते हुए देखे जा सकते हैं। सुबह 10 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक यह मार्केट खुली रहती है और सिर्फ मंगलवार को बंद रहती है।

बनीखेत बाजार

यह मार्केट खासतौर से तरह-तरह के स्मृतिचिन्हों और वूलन्स की शॉपिंग के लिए जानी जाती है। जो डलहौजी से 7 किमी की दूरी पर है। यहां से आप हर तरह के चीज़ों की शॉपिंग अपने बजट में कर सकते हैं। टूरिस्ट प्लेस होने के बावजूद यहां लोग मोलभाव कराया जा सकता है। बेशक ये मार्केट शहर से थोड़ा दूर तो है लेकिन अगर आप डलहौजी की यादें अपने साथ ले जाना चाहते हैं तो एक बार यहां आना तो बनता है।

हिमाचल गिफ्ट एम्पोरियम

एम्पोरियम से आप हैंडीक्राफ्ट आइटम्स, बौद्ध ऑर्ट वर्क वाली चीज़ों, चांदी और तांबे के दिए जैसी कई चीज़ों की खरीददारी कर सकते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए रंग-बिरंगे मिरर वर्क आउटफिट्स, फटवेयर्स की शॉपिंग करनी हो तो डलहौजी के इस मार्केट आएं।

तिब्बती मार्केट में करें खरीदारी

गांधी चौक के समीप ही तिब्बती मार्केट में आप हर तरह की चीज़ें खरीद सकते हैं। इस संकरी, मगर लंबी मार्केट में दोनों ओर दुकानें स्थित हैं, जहां अक्सर पर्यटकों की भीड़ रहती है। रेडीमेड कपड़े, जूते, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, लकड़ी के उत्पाद आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

इसी तरह एक और तिब्बती मार्केट डलहौजी बस स्टैंड के समीप भी है। बस स्टैंड के समीप होटल माउंट व्यू परिसर में एंटीक शॉप में पीतल व तांबे से बनी विभिन्न प्रकार की प्रतिमाएं खरीद सकते हैं। यहां पर पेटिंग्स व लोकल हैंडमेड चॉकलेट भी उपलब्ध हैं।

उत्तर प्रदेश में 24 साल बाद संस्कृत विद्यालयों/ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ाई गई

बिज़नेस रेमेडीज/ लखनऊ,/आईएएनएस

उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति में वृद्धि का निर्णय लिया है। संस्कृत की पढ़ाई करने वाले इन छात्रों की छात्रवृत्ति 24 साल बाद बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाली छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष 2001 से लागू वर्तमान छात्रवृत्ति दरों में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इससे पहले 2001 में छात्रवृत्ति तय हुई थी।

मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 13 को मंत्रिमंडल से अनुमोदन प्राप्त हो गया। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि इसके अंतर्गत प्रथमा की कक्षा छह एवं सात के लिए 50 रुपये प्रतिमाह और कक्षा आठ के लिए 75 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति निर्धारित की गई है। पूर्व मध्यमा (कक्षा 9वीं और 10वीं) के लिए 100 रुपये, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11वीं और 12वीं) के लिए 150 रुपये, शास्त्री के लिए 200 रुपये एवं आचार्य के लिए 250 रुपये प्रति माह दिए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि संस्कृत की शिक्षा ग्रहण करने वाले ज्यादातर छात्र और छात्राएं निर्धन परिवारों से होते हैं। इसलिए संस्कृत शिक्षा के अंतर्गत छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गई है। पहले कक्षा छह और सात के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की कोई व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज के फैसले का लाभ सीधे-सीधे विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। पहले प्रावधान था कि 50 हजार रुपये तक वार्षिक पारिवारिक आय वाले छात्र ही इसके पात्र होंगे, लेकिन अब इस शर्त को हटा दिया गया है। संस्कृत ही सभी भाषाओं की जननी है, इसलिए सरकार पूरी तरीके से इस पर ध्यान दे रही है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश में कुल 517 संस्कृत विद्यालय हैं, जहां विद्यार्थी इस योजना का लाभ ले सकेंगे। कैबिनेट के अन्य फैसलों में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित पर्यटक आवास गृहों को प्रबंधकीय संविदा के आधार पर निजी उद्यमियों के माध्यम से संचालित कराने की समय सीमा को पांच साल से बढ़ाकर 30 साल (15+15) कर दी गई है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विगत कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में आने वाले देशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। 2016-17 में लगभग 16 करोड़ पर्यटक आए थे तो 2023 में 48 करोड़ पर्यटक उत्तर प्रदेश में आए। इस साल इसमें और वृद्धि होने की संभावना है।

मेनोपॉज दौर से गुजर रही महिलाओं को हृदय रोग का खतरा : शोध

बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस

एक शोध से यह बात सामने आई है कि मेनोपॉज काल से गुजर रही महिलाओं में ऐसे बदलाव होने की संभावना है जो उनके हृदय के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। मेनोपॉज और महिलाओं की लिपिड प्रोफाइल में एक कनेक्शन देखा गया है।

ऐसे मिथक हैं कि हृदय रोग (सीवीडी) सिर्फ पुरुषों का रोग है। मगर यह महिलाओं में होने वाली मौतों का 40 प्रतिशत कारण माना जाता है, जिससे यह आज महिलाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण बन गया है। हालांकि महिलाओं को आमतौर पर पुरुषों की तुलना में 10 साल बाद हृदय रोग का खतरा होता है, लेकिन मेनोपॉज के बाद उन्हें हृदय रोग होने का जोखिम अधिक होता है। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास साउथवेस्टर्न मेडिकल सेंटर, यू.एस.में अध्ययन की लेखिका डॉ. स्टेफनी मोरेनो ने कहा, कि मेनोपॉज के दौरान और उसके बाद एल.डी.एल. की मात्रा में बढ़ोतरी और एच.डी.एल. में कमी होती है। यह स्थिति हृदय रोग से जुड़ी होती है। जिससे कोरोनरी आर्टरी डिजीज जैसे हृदय रोग होने का जोखिम बढ़ जाता है। शोध में 1,246 प्रतिभागियों ने भाग लिया और शोधकर्ताओं ने न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। मोरेनो ने कहा कि हमने पाया कि मेनोपॉज की वजह से लिपोप्रोटीन प्रोफाइल में प्रतिकूल परिवर्तन देखे गए हैं। जिसमें सबसे अधिक स्पष्ट परिवर्तन एलडीएल पार्टिकल्स में बढ़ोतरी है। टीम ने कहा कि इन निष्कर्षों से मेनोपॉज के बाद की महिलाओं में हृदय रोग के बढ़ने की व्याख्या करने में मदद मिल सकती है, तथा यह निर्धारित करने में भी मदद मिल सकती है कि क्या इसमें पहले ही हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

मोदी विश्वविद्यालय में सिविल सर्विस अभ्यर्थियों के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया

बिज़नेस रेमेडीज/लक्ष्मणगढ़

लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विश्वविद्यालय में सिविल सर्विस अभ्यर्थियों के लिए समकल्प के सहयोग से एक ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोदी विश्वविद्यालय छात्राओं को विष्व स्तरिय शैक्षणिक सुविधाएं देने के साथ ही उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में सिविल सर्विस की तैयारी के लिए मोदी विश्वविद्यालय ने देश के सुप्रसिद्ध संस्थान समकल्प के साथ एक अनुबंध किया है।

इसी के तहत 28 अगस्त को समकल्प के राष्ट्रीय समन्वयक अंकुर अग्रवाल मोदी विश्वविद्यालय के सभागार में सिविल सर्विस अभ्यर्थियों से रू ब रू हुए। इस दौरान जंहा उन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन किया वहीं तैयारी से संबंधित सवालों का भी जवाब दिया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अलावा अन्य स्कूल और कॉलेज की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। मोदी विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. अनिल सारोलिया ने कहा कि शेखावटी की छात्राओं के लिए ये एक बेहतर मौका है। विश्वविद्यालय ने ये सुविधा संस्थान के अलावा प्रदेश के अन्य छात्र एवं छात्राओं के लिए भी उपलब्ध करायी है ताकि सुविधा की कमी किसी के सपनों के आड़े न आ सके। जीएम एडमिशन वीआरके सरस्वती ने बताया कि मोदी विश्वविद्यालय की छात्राएं इस कोर्स को ऑनलाइन और ऑफलाइन कर सकती है। विश्वविद्यालय के बाहर के छात्र और छात्राएं भी इसमें दाखिला ले सकते हैं। इसके साथ ही छात्रों के लिए भी ये सुविधा ऑनलाइन माध्यम में उपलब्ध है। इस कोर्स के लिए छात्रों को बतौर फीस मात्र 65 हजार (जीएसटी अतिरिक्त) देना होगा जिसे छात्र किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। इस कोर्स की शुरूआत सितम्बर के पहले पखवाड़े से होगी और इसके लिए छात्र छात्राएं 31 अगस्त 2024 तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज के डीन प्रोफेसर जितेन्द्र बिनवाल ने कहा कि समाज के हर तबके को ध्यान में रखते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विश्वविद्यालय की ये पहल शेखावटी के साथ ही पूरे प्रदेश के छात्रों को एक नयी राह एवं दिशा प्रदान करेगी। इससे सिविल सर्विस का सपना देख रही छात्राओं को आगे बढ़ना का बेहतर अवसर प्राप्त होगा, जिससे वे प्रशासनिक अधिकारी बन सकते हैं।

एनआईटी में टेक्निकल टेक्सटाइल पाठ्यक्रम के लिए 20 करोड़ रूपये के अनुदान की मंजूरी

बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस

देश के कई उच्च शिक्षण संस्थानों में टेक्निकल टेक्सटाइल से जुड़े डिग्री पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इन शिक्षण संस्थानों में 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी' यानी एनआईटी भी शामिल हैं। पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए करीब 20 करोड़ रुपये के अनुदान की मंजूरी दी गई है।

टेक्सटाइल में यह नए डिग्री प्रोग्राम केंद्र सरकार की पहल पर शुरू किया जा रहे हैं। गौरतलब है कि यह सभी टेक्सटाइल से संबंधित पाठ्यक्रम सीधे उद्योगों से जुड़े हुए हैं। टेक्निकल टेक्सटाइल के क्षेत्र में बी.टेक पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया गया है। एनआईटी जिन विषयों में बीटेक के नए पाठ्यक्रम ऑफर करेगा, उनमें जियोटेक्सटाइल्स, जियोसिंथेटिक्स, कंपोजिट्स, सिविल स्ट्रक्चर्स आदि सहित तकनीकी वस्त्रों के विभिन्न क्षेत्रों और अनुप्रयोग शामिल हैं। एनआईटी के अलावा पांच अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में भी ऐसे बीटेक कार्यक्रम शुरू किया जा रहे हैं। यह पहल केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के प्रयासों से आरंभ की जा रही है।

वस्त्र मंत्रालय के सचिव ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित उद्योग भवन में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत आठवीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। मंत्रालय ने 4 स्टार्ट-अप को मंजूरी दी है। अधिकार प्राप्त समिति ने 'तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में उभरते खोजकर्ताओं के लिए अनुसंधान एवं उद्यमिता हेतु अनुदान (ग्रेट) योजना के तहत प्रत्येक स्टार्ट-अप को लगभग 50 लाख रुपये के अनुदान प्रदान किया है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के मुताबिक समिति ने 'तकनीकी वस्त्रों से संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने हेतु सामान्य दिशानिर्देश' दिए हैं। इन दिशा निर्देशों के तहत 5 शिक्षा संस्थानों को तकनीकी वस्त्रों से संबंधित पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु लगभग 20 करोड़ रुपये के अनुदान को भी मंजूरी दे दी है। अनुमोदित स्टार्ट-अप परियोजनाएं कंपोजिट्स, सस्टेनेबल टेक्सटाइल्स और स्मार्ट टेक्सटाइल्स के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं। अनुमोदित शिक्षा संस्थानों ने जियोटेक्सटाइल्स, जियोसिंथेटिक्स, कंपोजिट्स, सिविल स्ट्रक्चर्स आदि सहित तकनीकी वस्त्रों के विभिन्न क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में नए बी.टेक पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

भारत के पहले इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर में मिलेगा अपने सेगमेंट का सबसे बड़ा 15.6 इंच का 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले'

बिजनेस रेमेडीज/गुरुग्राम। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने जल्द लॉन्च होने वाले भारत के पहले इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल [सीयूवी] एमजी विंडसर का एक नया टीज़र जारी किया है। इस नए वीडियो में विंडसर के 15.6 इंच के शानदार 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ल' को दिखाया गया है। एमजी विंडसर का यह विशाल डिस्प्ले इस सेगमेंट में एक अलग बेंचमार्क स्थापित करता है। इस विशाल स्क्रीन साइज़ की मदद से यात्री आसानी से नेविगेट कर सकते हैं, एंटरटेनमेंट का मजा उठा सकते हैं, साथ ही आसानी से वाहन की सेटिंग को एडजस्ट कर सकते हैं। एमजी विंडसर की 15.6 इंच की

टचस्क्रीन को आपके कार चलाने के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कार खड़ी हो, तब यह टचस् ीन आपके कार में बैठने के अनुभव को और भी बेहतरीन बनाते हुए, इस कार को एक एंटरटेनमेंट, गेमिंग और लर्निंग हब में बदल देता है।

15.6 इंच का यह 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले' केबिन को और भी खूबसूरत बनाते हुए कार को लग्जरी लुक प्रदान करता है, जिससे इसके साथ आपका हर सफर और भी मज़ेदार बन जाता है। कार की यह टचस्क्रीन विंडसर के खूबसूरत डिजाइन से पूरी तरह से मेल खाता है। कार का यह लुक भारतीय ग्राहकों को प्रीमियमनेस, स्टाइल और कंफर्ट का बेजोड़ संगम प्रदान करता है।

यह नई एमजी विंडसर ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विंडसर कैसल से प्रेरित है। वास्तुशिल्प का यह बेजोड़ नमूना ब्रिटेन की शाही विरासत का प्रतीक भी है। एमजी विंडसर इस पुराने कैसल की तरह ही बेहतरीन शिल्प कौशल और उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। दुनिया के सबसे बड़े आवासीय महल की तरह, एमजी विंडसर को बेहद खूबसूरती और डिटेलिंग के साथ तैयार किया गया है। इस कार को देखकर विंडसर कैसल के जैसी शानो शौकत का अनुभव होता है।

भारत की बात करें, तो यहां रोड नेटवर्क और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ सीयूवी की उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी होने के नाते, विंडसर एयरोडायनामिक डिज़ाइन और विशाल इंटीरियर काएक बेहतरीन संगम पेश करती है। इसी यही खूबियां इसे रोज़मर्रा के उपयोग के लिए एक आदर्श कार बनाती हैं। यह वास्तव में एक बहुउपयोगी कार है। आपका परिवार चाहें रोजमर्रा के सफर पर निकला हो या फिर वीकेंड की छुट्टियों पर, यह कार हमेशा यह सुनिश्चित करती है कि आपका परिवार हमेशा पूरे आराम के साथ सफर कर सके। इस कार का हाई ग्राउंड क्लीयरेंस गड्ढों, स्पीड ब्रेकर और ऊबड़-खाबड़ सतहों पर बेहतर कंट्रोल देता है। इसकी यही खूबियों आपको एक स्मूथ और ज्यादा कंफर्टेबल ड्राइव प्रदान करती हैं।

यूलर मोटर्स छोटे वाणिज्यिक वाहन खंड में उतरी

EULER

बिजनेस रेमेडीज/मुंबई। वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता यूलर मोटर्स ने छोटे वाणिज्यिक वाहन खंड में उतरने की घोषणा की। कंपनी का इरादा आगामी त्योहारी सत्र के दौरान 1,000 किलोग्राम से अधिक पेलोड वाला पहला चार पहिया वाहन उतारने का है।

कंपनी ने कहा कि उसका नया एससीवी लागत प्रभावी और उच्च प्रदर्शन वाले अंतर-शहर परिवहन समाधान की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा। मौजूदा समय में, इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर क्षेत्र की एक स्थापित खिलाड़ी यूलर मोटर्स ने यह भी कहा कि उसका पहला चारपहिया लंबी ड्राइविंग रेंज, उच्च पेलोड क्षमता और बेहतर तत्काल आधार पर फ्लीट प्रबंधन प्रदान करेगा। कंपनी ने बयान में कहा, ''यूलर मोटर्स ने छोटे वाणिज्यिक वाहन (एससीवी) खंड में प्रवेश की घोषणा की है, जिसमें उसका पहला चारपहिया वाहन 1,000 से अधिक किलोग्राम पेलोड प्रदान करेगा।'' यूलर मोटर्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौरव कुमार ने कहा, ''वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों को विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करना चाहिए। हमारा दृष्टिकोण ऐसे वाहन विकसित करने का है जो सभी उद्योग क्षेत्रों में सहज रूप से एकीकृत हो सके।''

Tata.ev के #EasyToEV कैंपेन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना आसान बनाया



बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। टाटा मोटर्स लिमिटेड की सब्सिडिएरी और भारत के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में क्रांति लाने वाली अग्रणी कंपनी, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (TPEM) ने अपना #EasyToEV कैंपेन शुरू किया है। यह एक मिथक तोड़ने वाला अभियान है जिसे ग्राहकों को शिक्षित करने और इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में कई अफवाहों को दूर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर दुविधा में फंसे लोगों और संभावित ईवी खरीदारों के विश्वास को बढ़ावा देना है। इस कैंपेन को कई प्लेटफ़ॉर्म्स पर लॉन्च किया गया है और दर्शकों के एक बड़े समूह का ध्यान इस कैंपेन की ओर आकर्षित करने के लिए इसे टाटा आईपीएल 2024 के दौरान भी दिखाया गया

यह कैंपेन पिछले साल टाटा आईपीएल 2023 के दौरान लॉन्च किए गए Tata.ev के 'go.ev' वीडियो सीरीज का विस्तार है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के विभिन्न कारणों पर प्रकाश डाला गया था। भारत में EV खरीदारों की अगली पीढ़ी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से, इस साल का #EasyToEV कैंपेन कई विषय से संबंधित हल्के-फुल्के विग्नेट्स (शब्द चित्रों) के जरिए ईवी से जुड़ी तमाम दुविधाओं और आशंकाओं का समाधान करता है जिससे इसका अधिकतम प्रभाव पड़ता है। इनोवेशन और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य की खोज के एक अभियान के तहत, इस कैंपेन ने ईवी अपनाने के बारे में निरंतर संवाद को बढ़ावा दिया है। छोटी लेकिन सरल कहानी कहने की ताकत का फायदा उठाते हुए इस सीरीज के वीडियो ईवी से जुड़े बुनियादी मिथकों को दूर करते हैं। सीरीज की शुरुआत इस बात से होती है कि कैसे ईवी लंबी दूरी के लिए एकदम सही साथी हैं। ये वीडियो रेंज से जुड़ी गलतफहमी को दूर करते हैं । इस सीरीज के कई वीडियो के जरिए नीचे दिए गए मिथकों का खंडन किया गया है ।

पोको पैड 5जी की बिक्री शुरू

फ्लिपकार्ट पर केवल 19,999 रुपये में उपलब्ध

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। पोको ने भारत में पोको पैड 5जी की बिक्री शुरू कर दी है। यह फ्लिपकार्ट पर मिलना शुरू हो गई है। पोको इंडिया ने इस डिवाईस के साथ टेबलेट बाजार में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही एक नई उत्पाद श्रेणी में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ शानदान मूल्यों का दौर शुरू हो गया है। पोको पैड 5जी को आरामदायक पोर्टेबिलिटी और आकर्षक मनोरंजन के लिए बनाया गया है। यह डिवाईस अपने 2.5के रिजॉल्यूशन और 120 हर्ट्ज के एडैप्टिव सिंक रिफ्रेश रेट के साथ बेहतरीन विज्युअल अनुभव प्रदान करती है। इसमें डॉल्बी विजन और डॉल्बी एटमॉस है, जो मनोरंजन, उत्पादकता और क्रिएटिविटी का परफेक्ट संतुलन प्रदान करता है। स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 के साथ यह नैक्स्ट जनरेशन पैड

10000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और 33 वॉट की फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ काम करती है। इस डिवाईस में पोको स्मार्ट पेन, पोको कीबोर्ड और एक बैक केस है। साथ ही पोको पैड के साथ 2 साल तक एंड्रॉयड अपडेट्स और 3 साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स मिलते रहेंगे। पोको पैड 5जी दो रंगों- पिश्ताचियो ग्रीन और कोबाल्ट ब्लू में उपलब्ध है। इसका भुगतान एसबीआई, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक कार्ड से करने पर 3000 रुपये की छूट मिलेगी, जिसके बाद यह और ज्यादा किफायती हो जाएगी। इसके अलावा विद्यार्थियों को सेल के पहले दिन 1000 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिससे इसके 8जीबी+128जीबी वैरिएंट का प्रभावी मूल्य 19,999 रुपये और 8जीबी+256जीबी वैरिएंट का प्रभावी मूल्य 21,999 रुपये हो जाएगा। यूजर्स को मनोरंजन और प्रोडक्टिविटी का सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए पोको पैड 5जी के साथ पहले 1500 ग्राहकों को 1 साल की टाईम प्राईम सदस्यता निशुल्क मिलेगी। इसके अलावा सभी खरीददारों को एमएस ऑफिस 365 का 6 महीने का सब्सक्रिप्शन निशुल्क मिलेगा।

विविध

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड को मिली ICRA से अपग्रेडेड क्रेडिट रेटिंग

बिजनेस रेमेडीज/गुरुग्राम। प्रमुख हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने घोषणा की है कि ICRA लिमिटेड ने कंपनी के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (NCD) और टर्म लोन की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है। इंडिया शेल्टर के NCD प्रोग्राम की रेटिंग को [ICRA]A+ (पॉजिटिव) से अपग्रेड करके [ICRA]AA- (स्टेबल) कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त , कंपनी की लॉन्ग-टर्म फंड-आधारित टर्म लोन सुविधाओं की रेटिंग को भी [ICRA]A+ (पॉजिटिव) से अपग्रेड करके [ICRA]AA- (स्टेबल) कर दिया गया है। यह रेटिंग अपग्रेड इंडिया शेल्टर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन और किफायती आवास वित्त क्षेत्र में निरंतर विकास मार्ग पर आगे बढने के रुझान को दर्शाता है। संशोधित रेटिंग इंडिया शेल्टर की अपनी वित्तीय बाध्यताओं को पूरा करने, एक स्थिर क्रेडिट प्रोफ़ाइल बनाए

रखने और अपने हितधारकों को मूल्य प्रदान करना जारी रखने की क्षमता में आईसीआरए के विश्वास को दर्शाती है।

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी और सीईओ रूपिंदर सिंह ने इस बारे में टिप्पणी करते हुए कहा, 'हम अपग्रेड की गई रेटिंग से खुश हैं। यह सकारात्मक विकास हमारी मजबूत वित्तीय नींव, रणनीतिक फोकस और हमारे ग्राहकों, निवेशकों और भागीदारों द्वारा हम पर रखे गए भरोसे का एक जीवंत प्रमाण है। यह देश भर में किफायती आवास वित्त तक पहुंच का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।'यह अपग्रेड ऐसे समय में हुआ है जब इंडिया शेल्टर समाज के वंचित वर्गों के लिए घर के स्वामित्व को सक्षम करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए टियर II और टियर III शहरों में अपना विस्तार कर रहा है। कंपनी अपने विविध ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद की पेशकश में नए प्रयोग करने और अपनी ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास कर रही है। [ICRA]AA- (स्थिर) रेटिंग वित्तीय दायित्वों की समय पर सेवा के संबंध में उच्च स्तर की सुरक्षा को दर्शाती है और कंपनी की जोखिम संबंधी मजबूत रणनीतियों और बेहतर वित्तीय प्रबंधन

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी और सीईओ रूपिंदर सिंह ने इस बारे में टिप्पणी करते हुए कहा, 'हम अपग्रेड की गई रेटिंग से खुश हैं। यह सकारात्मक विकास हमारी मजबूत वित्तीय नींव, रणनीतिक फोकस और हमारे ग्राहकों, निवेशकों और भागीदारों द्वारा हम पर रखे गए भरोसे का एक जीवंत प्रमाण है।

प्रथाओं को दर्शाती है। ICRA की रेटिंग इंडिया शेल्टर की वित्तीय स्थिति, परिचालन प्रदर्शन और व्यापक आर्थिक माहौल के गहन मूल्यांकन पर आधारित है। इंडिया शेल्टर अधिकाधिक भारतीयों को किफायती आवास वित्त उपलब्ध कराने, राष्ट्र के आवास लक्ष्यों में योगदान देने तथा अपने सभी हितधारकों के लिए सतत विकास सृजित करने के अपने मिशन के प्रति प्रतिबद्ध है।

दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट को मिला NCVET का Accreditation

सभी देशवासियों को मिलेगा व्यवसायिक शिक्षा के 60 से ज्यादा कोर्स का लाभ : आचार्य बालकृष्ण

कौशल विकास, आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन में होगी दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट की अहम भूमिका

बिजनेस रेमेडीज/हरिद्वार। नई दिल्ली स्थित कौशल भवन में राष्ट्रीय व्यवसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (National Council for Vocational Education and Training (NCVET)) के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट को Dual Accredation (Awarding and Assessment Body) प्रदान किया गया। इस दोहरी मान्यता से दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट कौशल का मूल्यांकन कर पुरस्कार प्रदान करने वाली संस्था बन गई है।

इस अवसर पर दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि इसके तहत कौशल विकास, आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन के पतंजलि के प्रयासों को बल मिलेगा। संस्थान की इस उपलब्धि से अब 60 से ज्यादा व्यवसायिक शिक्षा (Vocational Education) के कोर्स से सभी देशवासी लाभान्वित हो सकेंगे।

आचार्य जी ने कहा कि देश व दुनिया की बदलती परिस्थितियों व वातावरण को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास व्यक्तियों के लिए उनके रोजगार के अवसर बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे युवा वर्ग न केवल आत्मनिर्भर बनेगा अपितु अन्यों के लिए रोजगार का सृजन भी करेगा और यदि देश का नागरिक समृद्ध होगा तो राष्ट्र भी समृद्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता NCVET के चेयरमैन अतुल तिवारी ने की।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में 15 गीगावाट पनबिजली परियोजनाओं के लिए 4,136 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा केंद्र

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्वोत्तर राज्यों को अगले आठ साल में कुल 15,000 मेगावाट (15 गीगावाट) क्षमता की पनबिजली परियोजनाएं विकसित करने के लिए 4,136 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बिजली मंत्रालय के पूर्वोत्तर क्षेत्र की राज्य सरकारों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

इन राज्यों को यह सहायता राज्य सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उप मों के बीच संयुक्त उद्यम के जरिये पनबिजली परियोजनाओं के विकास में उनकी इक्विटी भागीदारी के लिए दी जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का परिव्यय 4,136 करोड़ रुपये है और इसे 2024-25 से 2031-32 तक क्रियान्वित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इस योजना के तहत कुल 15,000 मेगावाट की पनबिजली क्षमता के लिए समर्थन दिया जाएगा। इस योजना को बिजली मंत्रालय के कुल परिव्यय से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) के माध्यम से वित्तपोषित किया जाएगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र की सरकारों के इक्विटी हिस्से के लिए अनुदान कुल परियोजना इक्विटी के 24 प्रतिशत तक सीमित होगा।

यूपीआई लेनदेन का आकार 2028-29 तक 439 अरब पर पहुंचने की उम्मीद : रिपोर्ट

बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली। यूपीआई पर कुल लेनदेन पिछले वित्त वर्ष के लगभग 131 अरब से बढ़कर 2028-29 तक 439 अरब होने की उम्मीद है और यह कुल खुदरा डिजिटल भुगतान का 91 प्रतिशत हिस्सा होगा। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।

'द इंडियन पेमेंट्स हैंडबुक- 2024-29' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में पिछले आठ साल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है और उद्योग का अनुमान है कि मात्रा में तीन गुना से अधिक विस्तार होगा। डिजिटल भुगतान 2023-24 के

159 अरब बढ़कर से वित्त वर्ष 2028-29 तक 481 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। मूल्य के संदर्भ में भुगतान लेनदेन बाजार की वृद्धि दोगुनी होने की उम्मीद है। यह इस अवधि में 265 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 593 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगी।

पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई ने साल-दर-साल 57 प्रतिशत की लेन-देन मात्रा के साथ अपनी उल्लेखनीय वृद्धि जारी रखी है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''वित्त वर्ष 2023-24 में, कुल लेन-देन की मात्रा 131 अरब से थोड़ी अधिक थी और 2028-29 तक यह 439 अरब तक पहुंच जाएगी। यूपीआई अब भारत में कुल खुदरा डिजिटल भुगतान का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है और 2028-29 तक इसके 91 प्रतिशत तक योगदान देने की उम्मीद है।'' इसमें आगे कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में क्रेडिट कार्ड में जबर्दस्त वृद्धि देखी गई है, जिसमें उद्योग ने 1.6 करोड़ से अधिक नए कार्ड जोड़े हैं। नए कार्ड जुड़ने के साथ, उद्योग ने क्रमशः लेन-देन की मात्रा और मूल्य में क्रमश: 22 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। दूसरी ओर, कार्डधारकों की प्राथमिकताओं में बदलाव के कारण डेबिट कार्ड में लेन-देन की मात्रा और मूल्य दोनों में गिरावट देखी गई है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2028-29 तक क्रेडिट कार्ड की संख्या 20 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।

प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर न.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166· पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com